page 1_Layout 1 04-10-2026 20:49 Page 1

अनमोल वचन

'जो दूसरों के हित में काम करता है, वही सच्चा भक्त है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » सोमवार, 5 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :163 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



कुमकुम ने रचा इतिहास

एशियन गेम्स में जीता ऐतिहासिक गोल्ड

रिकर्व इंडिविजुअल में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं

भारतीय तीरंदाज कुमकुम अनिल मोहोड़ ने एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने रिकर्व इंडिविजुअल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर इस इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबले में कुमकुम ने दबाव के बीच शानदार संयम दिखाया और निर्णायक शूट-ऑफ में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। उनके इस प्रदर्शन की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सराहना की और उन्हें ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी।

भव्य क्लोजिंग सेरेमनी के साथ एशियन गेम्स 2026 का समापन

भारत 85 पदकों के साथ चौथे स्थान पर

नीरू ढांडा ने किया भारतीय दल का नेतृत्व, भारत ने जीते 21 गोल्ड, 27 सिल्वर और 37 ब्रॉन्ज मेडल; चीन रहा शीर्ष पर

डेली आवाज भारती

नागोया। शानदार क्लोजिंग सेरेमनी के साथ एशियन गेम्स 2026 का रविवार को समापान हो गया। क्लोजिंग सेरेमनी में भारत की ओर से शूटिंग में दो गोल्ड समेत तीन मेडल जीतने वालीं नीरू ढांडा ध्वजवाहक रहीं। नागोया के मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में हुई एशियन गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी का आगाज जापान के नेशनल एंथम के साथ हुआ। इसके बाद खिलाड़ियों की परेड शुरू हुई, जिसमें हर देश का प्रतिनिधित्व उनके ध्वजवाहक ने किया। भारतीय तिरंगे को शान से नीरू ढांडा ने लहराया। ओलंपिक कार्उंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) का झंडा कतर को सौंपा गया, जो एशियन गेम्स के 21वें संस्करण की मेजबानी करेगा।



भारत का प्रदर्शन एशियन गेम्स 2026 में शानदार रहा। देश ने कुल 85 मेडल जीते, जिसमें 21 गोल्ड, 27 सिल्वर और 37 ब्रॉन्ज मेडल शामिल रहे। भारत ने एशियन गेम्स का अंत अंक तालिका में चौथे स्थान पर रहते हुए किया। पहले स्थान पर चीन का कब्जा रहा, जिन्होंने कुल 341 मेडल अपने नाम किए। इसमें 169 गोल्ड, 89 सिल्वर और 83 ब्रॉन्ज मेडल शामिल रहे। मेजबान जापान कुल 269 मेडल के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

जापान ने 83 गोल्ड, 95 सिल्वर और 91 ब्रॉन्ज मेडल जीते। साउथ कोरिया ने 150 मेडल जीते, जिसमें 39 गोल्ड, 43 सिल्वर और 68 ब्रॉन्ज मेडल शामिल रहे। भारत 85 मेडल के साथ चौथे स्थान पर रहा। वहीं, उज्बेकिस्तान 70 मेडल लेकर अंक तालिका में पांचवें नंबर पर रहा। भारत ने आर्चरी में शानदार पांच गोल्ड मेडल मिले। बॉक्सिंग में तीन और रेसलिंग में दो गोल्ड मेडल जीते गए। हॉकी और कबड्डी में टीम की जीत का वही पुराना जोश देखने को मिला, जिसमें पुरुषों और महिलाओं, दोनों टीमों ने गोल्ड मेडल जीते। भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीम दोनों ने ही बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। एथलेटिक्स में भी रोमांच देखने को मिला, जहां भारत के धावकों और फील्ड एथलीट्स ने दबाव और मौसम की चुनौतियों का सामना करते हुए कीमती मेडल जीते। गोल्फ में भी इतिहास रचा गया, जब प्रणवी उर्स ने इस खेल में भारत के लिए महिलाओं का पहला व्यक्तिगत एशियन गेम्स का गोल्ड मेडल जीता। शूटिंग भारत के लिए मेडल दिलाने वाले सबसे मजबूत खेलों में से एक रही, जबकि वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, स्क्वैश, रोइंग, टेबल टेनिस, सेलिंग, वुशु, कुराश, एमएमए, सॉफ्ट टेनिस और दूसरे खेलों ने भी कुल मेडल की संख्या बढ़ाने में योगदान दिया।

हूतियों का फिर सऊदी पर हमला

तेल कंपनी अरामको के एक प्रतिष्ठान पर बैलिस्टिक मिसाइलों से किया हमला

- कहा, रियाद को निशाना बनाने संबंधी हूतियों के दावे भ्रामक



डेली आवाज भारती

यमन में हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब समर्थित यमनी सरकार के बीच लड़ाई तेज होने के बीच अब तनाव सऊदी राजधानी रियाद तक पहुंचने का दावा किया गया है। हूतियों ने रियाद में सऊदी तेल कंपनी अरामको के एक प्रतिष्ठान पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला करने का दावा किया है। हमले के बाद रियाद में अरामको के एक प्रतिष्ठान के पास आग और धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। हालांकि, सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने हूतियों के रियाद को निशाना बनाने के दावे को 'भ्रामक' बताया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा कि संगठन ने बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के जरिए एक सैन्य अभियान चलाया, जिसका निशाना रियाद में अरामको का प्रतिष्ठान था। सरी ने दावा किया कि हमले बिल्कुल सटीक थे और सीधे लक्ष्य पर किए गए। उनके अनुसार, हमले के बाद प्रतिष्ठान में आग लग गई। इसी दौरान रियाद में अरामको के एक प्रतिष्ठान के आसपास से आग और धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। हूतियों के दावे के कुछ घंटे बाद सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के प्रवक्ता तुर्की अल-मलिकी ने सऊदी मीडिया से बातचीत में कहा कि रियाद को निशाना बनाने संबंधी हूतियों के दावे भ्रामक हैं। इससे हमले को लेकर दोनों पक्षों के दावों में सीधा विरोधाभास सामने आया है। एक तरफ हूती संगठन अरामको प्रतिष्ठान को निशाना बनाने और आग लगने की बात कह रहा है, जबकि सऊदी गठबंधन इसे गुमराह करने वाला दावा बता रहा है। तनाव के बीच सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने रविवार तड़के हूती ठिकानों के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान की जानकारी दी। गठबंधन के मुताबिक, तोर अल-बाहा मोर्चे और ताइज क्षेत्र में हूती लड़ाकों की मदद के लिए भेजे जा रहे सुदृढीकरण को निशाना बनाकर 97 सटीक सैन्य अभियान चलाए गए। इनमें लड़ाकू विमान, ड्रोन, तोपखाने, मिसाइल और निशानेबाजों का इस्तेमाल किया गया।

मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत सीएमसी लुधियाना में 100 से अधिक बच्चों की हुई सफल सर्जरी



डेली आवाज भारती

लुधियाना, रवीश कपूर : पंजाब सरकार की 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' के तहत क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी), लुधियाना के बाल शल्य चिकित्सा विभाग ने 100 से अधिक बच्चों की जटिल एवं जीवनरक्षक सर्जरी सफलतापूर्वक कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के अवसर पर पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने सीएमसी लुधियाना पहुंचकर चिकित्सकों एवं पूरी मेडिकल टीम को बधाई देते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित विशेष समारोह में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि आर्थिक स्थिति किसी भी परिवार के लिए बेहतर इलाज के रास्ते में बाधा न बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना के अंतर्गत बच्चों के लिए



कई जटिल बाल शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की गई हैं। यह पहल पंजाब में जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. बलबीर सिंह ने बाल शल्य चिकित्सकों, एनेस्थीसिया विशेषज्ञों, नर्सिंग स्टाफ तथा सीएमसी प्रशासन के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को समय पर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय दक्षता के साथ मानवीय संवेदनशीलता का यह समन्वय ही स्वास्थ्य सेवा की वास्तविक पहचान है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को लगातार मजबूत और आधुनिक बना रही है, ताकि गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि किसी भी जरूरतमंद बच्चे को आर्थिक मजबूरी के कारण आवश्यक सर्जरी से वंचित न रहना पड़े। वहीं, सीएमसी लुधियाना के बाल शल्य चिकित्सा विभाग एवं अस्पताल प्रशासन ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह तथा पंजाब सरकार का आभार व्यक्त किया। विभाग की टीम ने कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद बच्चे तक विशेष बाल शल्य चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने के प्रयासों को और व्यापक किया जाएगा। 100 से अधिक सफल सर्जरी की यह उपलब्धि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और विशेषज्ञ चिकित्सा संस्थानों के बीच प्रभावी समन्वय का उदाहरण है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक बोझ के बिना गंभीर एवं जटिल उपचार की सुविधा मिल रही है।

जनता नकार रही है तो सत्याग्रह नहीं, विपक्ष को आत्ममंथन की जरूरत: चिराग पासवान



रायपुर। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कांग्रेस और विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष को लगातार चुनाव प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे के चुनाव रद्द करने संबंधी बयान, राहुल गांधी के डिजिटल 'सत्याग्रह' प्लेटफॉर्म और एसआईआर को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर प्रतिक्रिया दी। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि क्या कांग्रेस अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों के चुनावों की भी बात कर रहे हैं।

लुधियाना में पूर्व अकाली सरपंच की गोली मारकर हत्या

डेली आवाज भारती

लुधियाना। लाडोवाल इलाके में गांव मानेवाल के पूर्व अकाली सरपंच नवतेज सिंह उर्फ नीटू की बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। नवतेज सिंह अपनी इनोवा कार से गांव मानेवाल से लुधियाना स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान लाडोवाल के पास बाइक सवार दो हमलावरों ने उनकी कार को रोककर फायरिंग कर दी। फायरिंग में नवतेज सिंह को कई गोलियां लगीं। उन्हें उपचार के लिए दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने मौके से खाली कारतूस बरामद किए और आसपास लगे सीसीटीवी



कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस की शुरुआती जांच में पारिवारिक जमीन विवाद का एंगल सामने आया है। मृतक के बेटे ने भी जमीन विवाद को हत्या का कारण बताते हुए कई लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पंजाब की हर मां और बहन मां-धीयां सत्कार योजना की ब्रांड एंबेसडर: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

● महिलाओं के बैंक खातों में सम्मान राशि के रूप में सीधे 3,824.87 करोड़ हस्तांतरित : मान

- मां-धीयां सत्कार योजना महिलाओं के सम्मान के लिए सामाजिक क्रांति

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजन: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को पंजाब की हर मां और बहन को मां-धीयां सत्कार योजना की ब्रांड एंबेसडर बताते हुए कहा कि यह पहल महिलाओं के सम्मान, आत्मसम्मान और आर्थिक स्वायत्तता को मजबूत करने वाली एक अनूठी सामाजिक क्रांति है। उन्होंने कहा कि अब तक 75 लाख से अधिक महिलाओं का पंजीकरण हो चुका है और * 3,824.87 करोड़ की सम्मान राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना पंजाब की महिलाओं के लिए सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत कर रही है। इस अवसर पर उस समय माहौल भावुक हो गया जब योजना की लाभार्थी गुरमेल कौर उर्फ मेलो, जो पहले मुख्यमंत्री आवास पर भी उनसे मिलने आई थीं, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मिलीं। उन्हें देखते ही उन्होंने मुख्यमंत्री को गले लगा लिया और आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भी उनके आशीर्वाद लिए और स्नेह एवं सम्मान के प्रतीक के रूप में उन्हें उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि उनसे मिलकर उनकी आत्मा को सुकून मिला और उन्होंने प्रार्थना की कि वाहेगुरु हमेशा



उनके चेहरे पर मुस्कान बनाए रखें।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस भावुक मुलाकात का वीडियो साझा करते हुए कहा, मेरी पूजनीय माता, आज आपसे मिलकर मेरी आत्मा को सच्चा सुकून मिला है। वाहेगुरु हमेशा आपके चेहरे पर यह मुस्कान बनाए रखें। आपका बेटा पंजाब की सेवा में हमेशा समर्पित रहेगा। पंजाब की सभी माताओं और बहनों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने सत्कार योजना को इतने बड़े स्तर पर सफल बनाया।

इस दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब की हर मां और बहन मां-धीयां सत्कार योजना की ब्रांड एंबेसडर है। यह योजना एक ऐसी सामाजिक क्रांति है, जो हमारी माताओं और बेटियों के आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और गरिमा को बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गांव आदमपुरा की रहने वाली योजना की लाभार्थी गुरमेल कौर (मेलो) को सम्मानित किया। योजना शुरू होने के बाद वह सोशल मीडिया पर काफी चर्चित हुई थीं। उनसे बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनसे मिलकर उनकी आत्मा को सुकून मिला है। उन्होंने कहा, आपसे मिलकर मेरी आत्मा को सुकून मिला है। मैं प्रार्थना करता हूं कि वाहेगुरु हमेशा आपके चेहरे पर मुस्कान बनाए रखें। आपका बेटा पंजाब की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और इस नेक कार्य के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। योजना की सफलता के लिए पंजाब की माताओं और बहनों का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, मैं पंजाब की सभी माताओं और बहनों का दिल से धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मां-धीयां सत्कार योजना को इतनी बड़ी सफलता दिलाई है। अब तक महिलाओं के बैंक खातों में सत्कार राशि के रूप में 3,824.87 करोड़ सीधे हस्तांतरित किए जा चुके हैं। यह महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सरदार सुखबीर सिंह बादल ने पंजाबियों से पंजाब को आगे ले जाने के लिए सही मुख्यमंत्री का चुनाव करने की अपील की

घोषणा की कि मलेरकोटला को हेरिटेज सिटी का दर्जा दिया जाएगा और जिले में मेडिकल और पशु चिकित्सा कॉलेज स्थापित किया जाएगा

डेली आवाज भारती

अमरगढ़। शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज पंजाबियों से अपील की है कि वे पंजाब को प्रगति के रास्ते पर लेकर जाने के लिए सही मुख्यमंत्री का चयन करें और कहा कि अगर वे नए युग की खेती और रोजगार मॉडल के साथ तेजी से विकास करना चाहते हैं तो वह इस पद के लिए सबसे उपयुक्त हैं। अकाली दल अध्यक्ष ने यहां एक विशाल पंजाब बचाओ रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के नए हलका इंचार्ज जस्सी मानवी को पूर्व नेता इकबाल सिंह झूंदन द्वारा पार्टी के साथ विश्वासघात करने के बाद जिम्मेदारी संभालने के लिए बधाई



दी। उन्होने अमरगे के मतदाताओं से आगामी विधानसभा चुनावों में जस्सी की जीत सुनिश्चित करने की भी अपील की। सरदार बादल ने घोषणा की कि 2027 में अकाली दल की सरकार बनने के बाद मलेरकोटला को विरासती शहर बनाया जाएगा और जिले में एक मेडिकल और पशु चिकित्सा कॉलेज की स्थापना भी की जाएगी। उन्हाने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए पुरूष और महिला हॉकी टीमों को बधाई दी और कहा कि यह पूर्ववर्ती अकाली दल सरकार द्वारा बनाए गए एस्ट्रो टर्फ का ही नतीजा है। यह कहते हुए कि पंजाबी एक ऐसे मुख्यमंत्री के हकदार हैं जो काम कर सके, सरदार सुखबीर सिंह बादल ने कहा,'' कैप्टन अमरिंदर और भगवंत मान दोनों ने आपको निराश किया है। भगवंत मान न केवल अपने किए गए वादों से मुकर गए हैं, बल्कि नशे की समस्या और कानून-व्यवस्था के पतन जैसे गंभीर मुददों का समाधान करने के बजाय आपको चुटकलों से बहलाने की कोशिश करके आपके साथ एक भददा मजाक भी कर रहे हैं।'' उन्होने कहा कि 2027 में मुख्यमंत्री पद के लिए मौजूदा समय के प्रतियोगियों की गंभीरता उनके प्रसिद्धि के दावों से देखी जा सकती है। ''चरणजीत सिंह चन्नी दावा करते हैं कि वे बकरियों का दूध दुह सकते हैं, जबकि भगवंत मान डींगे मारते हैं कि वे अंधेरें में साइकिल का पंचर लगा सकते हैं।'' लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि अगर वे इन उम्मीदवारों से ऐसा काम चाहते हैं तो ही उन पर विचार करें । उन्होने कहा,'' यदि आप पंजाब को विकास के रास्ते पर वापिस लाना चाहते हैं तो आपके लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति मैं हूं''।

पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष परगट सिंह ने की पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की पत्नी से मुलाकात, लिया आशीर्वाद

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। कांग्रेस की पंजाब इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष परगट सिंह ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर से मुलाकात की। उन्होंने मनमोहन सिंह को याद किया और उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष परगट सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी से मुलाकात की तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ÷पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर से मुलाकात की। सरदार मनमोहन सिंह को याद करते हुए उनका (गुरशरण कौर) आशीर्वाद लिया और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। उनकी सादगी, ईमानदारी और देश के प्रति समर्पण



हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेंगे।÷ उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, ÷पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभालते हुए मैं सरदार मनमोहन सिंह के घर जाकर और उनकी पत्नी गुरशरण कौर का आशीर्वाद लेकर इस जिम्मेदारी की शुरुआत कर रहा हूं। मनमोहन सिंह हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत बने हुए हैं। उनका सादापन, ईमानदारी और देश के प्रति समर्पण हमें हमेशा पंजाब और भारत की सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा। वे हमेशा हमारे राष्ट्रीय नायकों में से एक बने रहेंगे।÷

वहीं, परगट सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷मनमोहन सिंह ने सिर्फ आर्थिक तौर पर ही नहीं, बल्कि ईमानदारी के साथ और इंसानियत के तौर पर देश को आगे लेकर गए। मुझे लगता है कि पदभार संभालने से पहले गुरशरण कौर जी का आशीर्वाद लेकर पंजाब जाना चाहिए।

CMYK

page 2_Layout 1 04-10-2026 17:04 Page 1

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी 3 दिवसीय सिंगापुर दौरे पर

जंगल सफारी और इंफ्रास्ट्रक्चर मॉडल का करेंगे अवलोकन

डेली आवाज भारती




चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 4 से 6 अक्टूबर तक सिंगापुर के आधिकारिक दौरे पर हैं। सीएमओ हरियाणा के आधिकारिक %एक्स% हैंडल पर इस संबंध में जानकारी साझा की गई है। सीएमओ ने पोस्ट करते हुए लिखा, ÷हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी 4 से 6 अक्टूबर तक सिंगापुर दौरे पर हैं। इस दौरान वे एसआईएनजी (सिंगापुर इंडिया नेटवर्क फॉर ग्रोथ फोरम) के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।÷ बताया गया कि मुख्यमंत्री इस दौरे के दौरान सिंगापुर के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और अत्याधुनिक तकनीक का अवलोकन करेंगे। सिंगापुर अपने शहरी नियोजन, स्मार्ट सिटी मॉडल और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जाता है। हरियाणा सरकार इन मॉडलों को प्रदेश में लागू करने की संभावनाएं तलाश रही है।

कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री शाम को सिंगापुर बिज़नेस फोरम द्वारा आयोजित डिनर कार्यक्रम में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों, निवेशकों और उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान हरियाणा में निवेश की संभावनाओं और औद्योगिक विकास को लेकर चर्चा होगी। राज्य सरकार का फोकस विदेशी निवेश को आकर्षित करने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर है। दौरे का एक अहम हिस्सा हरियाणा में प्रस्तावित जंगल सफारी प्रोजेक्ट से जुड़ा है। मुख्यमंत्री देर शाम सिंगापुर सफारी का भी अवलोकन करेंगे। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार गुरुग्राम और नूंह के अरावली क्षेत्र में करीब 10 हजार एकड़ में दुनिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी बनाने की योजना पर काम कर रही है। सिंगापुर की नाइट सफारी और रिवर सफारी को दुनिया में सबसे सफल मॉडल माना जाता है। मुख्यमंत्री इसी मॉडल का अध्ययन कर उसे हरियाणा के प्रोजेक्ट में शामिल करने पर विचार करेंगे। एसआईएनजी फोरम भारत और सिंगापुर के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और तकनीकी सहयोग को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इस फोरम में हरियाणा की भागीदारी से प्रदेश को ग्लोबल इन्वेस्टमेंट मैप पर और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलवान अंतिम पंघाल और महिला गोल्फ टीम को सिल्वर जीतने पर दी बधाई

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियन गेम्स 2026 में शनिवार को कुश्ती में सिल्वर मेडल जीतने वाली अंतिम पंघाल और महिला टीम गोल्फ इवेंट में सिल्वर जीतने वाली अदिति अशोक, प्रणवी शरथ उर्स और दीक्षा डागर को बधाई दी है। पीएमओ ने रविवार को पीएम मोदी के हवाले से अंतिम पंघाल को एक्स पर बधाई देते हुए लिखा, ÷एशियन गेम्स में अंतिम पंघाल का सिल्वर मेडल सच में बहुत अच्छा था। महिलाओं के 53 किग्रा फ्रीस्टाइल रेसलिंग इवेंट में शानदार परफॉर्मेंस के लिए उन्हें बधाई। उम्मीद है कि वह देश का नाम रोशन करती रहेंगी और दूसरे एथलीटों को प्रेरित करेंगी।÷ पीएमओ ने महिला टीम गोल्फ इवेंट में सिल्वर जीतने वाली खिलाड़ियों को पीएम की तरफ से बधाई देते हुए लिखा, ÷एशियन गेम्स 2026 में महिला टीम गोल्फ इवेंट में सिल्वर मेडल जीतने पर अदिति अशोक, प्रणवी शरथ उर्स और दीक्षा डागर को बधाई। यह सफलता खेल के लिए उनके पक्के इरादे और जुनून को दिखाती है। उम्मीद है कि वे आने वाले समय में सफलता की नई ऊंचाइयों को छूती रहेंगी।÷ एशियन गेम्स 2026 में भारतीय दल का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। आर्चरी, निशानेबाजी, क्रिकेट, हॉकी, मुक्केबाजी, गोल्फ, कुश्ती, एथलेटिक्स में भारतीय दल को सफलता मिली, लेकिन बैडमिंटन, वॉलीबॉल जैसे कई अहम खेलों में हमें निराशा हाथ लगी। भारतीय दल जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। भारत ने कुल 85 पदक जीते, जिनमें 21 गोल्ड, 27 सिल्वर और 38 ब्रॉन्ज मेडल थे।

भारतीय पुरुष क्रिकेट और हॉकी टीमों, भारतीय महिला क्रिकेट और हॉकी टीमों तथा आर्चरी टीम का गोल्ड जीतना इन खेलों में भारत के एशिया में दबदबे को प्रदर्शित करता है। बैडमिंटन में हमें बड़ी निराशा हाथ लगी और आने वाले दिनों में इस खेल में भारतीय एथलीटों को कड़ी मेहनत करनी होगी। बैडमिंटन पिछले कुछ समय से भारत में एक ऐसे मजबूत खेल के रूप में उभरा है, जिसमें वैश्विक स्तर पर हमें सफलता मिली है। ऐसे में बैडमिंटन में असफलता हमें चिंतित करती है। गोल्फ हमारे लिए जरूर सकारात्मक रहा, जिसमें हमें गोल्ड और सिल्वर मेडल मिले।

पीएम मोदी ने क्रांतिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी और विद्वान श्यामजी कृष्ण वर्मा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए उन्होंने जिस पराक्रम और पुरुषार्थ का परिचय दिया, कृतज्ञ राष्ट्र उसे कभी भुला नहीं सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर पोस्ट किया, ‘महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी श्यामजी कृष्ण वर्मा को उनकी जयंती पर सादर नमन। मां भारती की पराधीनता की बेड़ियों को तोड़ने के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए उन्होंने जिस पराक्रम और पुरुषार्थ का परिचय दिया, कृतज्ञ राष्ट्र उसे कभी भुला नहीं सकता।’ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लिखा, ‘भारत मां के वीर सपूत, महान राष्ट्रभक्त श्यामजी कृष्ण वर्मा की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उन्होंने विदेश की धरती पर रहकर भी भारत की स्वतंत्रता की अलख जगाई और देश के युवाओं में राष्ट्रभाव का संचार किया। आज उनकी जयंती पर हम सब यह संकल्प लें कि देशहित को सर्वोपरि रखेंगे, अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा से निभाएंगे व भारत को और मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे।

मेरिट और आरक्षण के संवैधानिक अधिकारों से समझौता स्वीकार नहीं : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



सिरसा। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती से जुड़ा मामला प्रदेश की उच्च शिक्षा भर्ती व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले से यह सिद्धांत स्पष्ट हुआ है कि आरक्षित वर्ग का अभ्यर्थी अपनी मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में स्थान बनाने योग्य है तो उसे उस अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता। आरक्षण संविधान प्रदत्त सामाजिक न्याय का अधिकार है और इसे कमजोर करने का कोई प्रयास स्वीकार नहीं किया जा सकता। कुमारी सैलजा ने कहा कि मामले में सामान्य श्रेणी में चयनित उम्मीदवार के 37.91 अंक थे, जबकि अनुसूचित जाति वर्ग के कुछ उम्मीदवार इससे अधिक अंक प्राप्त करने के बावजूद चयन से बाहर रहे। यह गंभीर विषय है कि योग्य युवाओं को अपनी मेहनत और मेरिट से हासिल अधिकार के लिए अदालत की शरण लेनी पड़ी। भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि ऐसी स्थिति क्यों पैदा हुई और भर्ती प्रक्रिया में संवैधानिक प्रावधानों का सही अनुपालन सुनिश्चित क्यों नहीं किया गया। सांसद ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा मेरिट के आधार पर नियुक्ति, आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा, पहले से कार्यरत कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा तथा पात्र उम्मीदवारों को नियमानुसार वरिष्ठता का लाभ देने संबंधी निर्देश महत्वपूर्ण हैं। प्रदेश सरकार को फैसले की भावना के अनुरूप विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों की भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी आरक्षित वर्ग के योग्य उम्मीदवार को उसके संवैधानिक अधिकार और मेरिट का लाभ प्राप्त करने के लिए अदालत न जाना पड़े।

कुमारी सैलजा ने कहा कि दलित, पिछड़े और वंचित समाज के अधिकार किसी सरकार की मेहरबानी नहीं, संविधान की देन हैं। कांग्रेस सामाजिक न्याय, समान अवसर और आरक्षण के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि नौकरियों में मेरिट का सम्मान हो, आरक्षण का पूरा लाभ मिले और किसी भी योग्य युवा के साथ अन्याय न हो। कांग्रेस संविधान और सामाजिक न्याय के अधिकारों को कमजोर करने वाले किसी भी कदम का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी। कुमारी सैलजा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर देश की जनता का विश्वास लोकतंत्र की बुनियाद है।

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत मेरा युवा भारत, हरियाणा द्वारा पंचकूला में राज्य स्तरीय वॉकथॉन आयोजित

डेली आवाज भारती



पंचकूला। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, हरियाणा द्वारा आज ताऊ देवीलाल स्टेडियम, पंचकूला में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के तहत राज्य स्तरीय 'वॉक फॉर नशा मुक्त युवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। 100 सप्ताह के नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में पंचकूला के महापौर श्याम लाल बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेरा युवा भारत, हरियाणा के राज्य निदेशक आकर्ष दीक्षित, सहायक निदेशक ईशा गुप्ता, जिला युवा अधिकारी, पंचकूला स्नेग्धा सिंह, वार्ड पार्षदों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' से हुआ, जिसके उपरांत राज्य निदेशक आकर्ष दीक्षित ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि महापौर श्याम लाल बंसल ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना किया। प्रतिभागियों ने ताऊ देवीलाल स्टेडियम से घग्गर नदी पुल तक जागरूकता पदयात्रा निकाली और निर्धारित मार्ग से वापस स्टेडियम पहुँचे। इस दौरान युवाओं ने नशे से दूर रहने, खेलकूद एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों को अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति की शपथ लेकर स्वयं नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महापौर श्याम लाल बंसल ने स्वस्थ एवं जागरूक युवा शक्ति को विकसित भारत के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए युवाओं को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। राज्य निदेशक आकर्ष दीक्षित ने युवाओं से जनजागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा स्वयंसेवक नशा मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश जन-जन तक पहुँचाकर सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बन सकते हैं। वॉकथॉन के उपरांत राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस राज्य स्तरीय आयोजन के माध्यम से 'नशा मुक्त भारत–स्वस्थ भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत' का संदेश जनसामान्य तक पहुँचाया गया। युवाओं से आह्वान किया गया कि वे नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता को अपने परिवार, मित्रों एवं समुदाय तक पहुँचाते हुए स्वस्थ एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

मोनालिसा और सोनाली ने 'सैंड आर्ट' बनाकर भारतीय क्रिकेट और हॉकी टीम को गोल्ड जीतने की बधाई दी

डेली आवाज भारती



पुरी। एशियन गेम्स 2026 में भारतीय दल के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक और स्वर्णिम रहा। भारतीय दल ने मुक्केबाजी, आर्चरी, पुरुष गोल्फ, कुश्ती, क्रिकेट और हॉकी में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। अलग-अलग खेलों में भारतीय टीमों की उपलब्धियों से पूरे देश में जश्न का माहौल है। इस अवसर पर पुरी के सैंड आर्टिस्टों ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तानों की तस्वीर बनाकर उनका और टीमों का अभिनंदन किया है। ओडिशा के पुरी स्थित सुदर्शन सैंड आर्ट इंस्टीट्यूट की छात्राओं मोनालिसा मोहराना और सोनाली अलुक ने शनिवार को क्रिकेट और हॉकी टीमों की जीत के बाद एक खास सैंड-आर्ट एनिमेशन बनाकर भारतीय टीमों को बधाई दी। मोनालिसा और सोनाली ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर की तस्वीरें बनाकर टीमों को जीत की बधाई दी है और उनका अभिनंदन किया है। मोनालिसा मोहराना और सोनाली अलुक ने दोनों कप्तानों की तस्वीरों के बीच लिखा है, इतिहास रचने के लिए दोनों टीमों को बधाई। आईएएनएस को बताया, एशियन गेम्स 2026 में शनिवार का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक रहा। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम और भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गोल्ड मेडल हासिल किया। हम दोनों ने क्रिकेट और हॉकी टीमों के अभिनंदन के लिए सैंड आर्ट तैयार किया है। सैंड आर्ट में हमने भारतीय क्रिकेट टीम और भारतीय हॉकी टीम के कप्तानों की तस्वीरें बनाई। इन तस्वीरों को बनाने में हमें आधे घंटे का समय लगा। एशियन गेम्स 2026 क्रिकेट और हॉकी टीमों के लिए बेहद यादगार रहे हैं। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में हॉकी और क्रिकेट में भारत को स्वर्ण पदक मिला है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 19 रन से हराकर गोल्ड जीता, जबकि पुरुष हॉकी टीम ने मलेशिया को 5-1 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका और महिला हॉकी टीम ने चीन को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

महाराष्ट्र : एमएलसी चुनाव के लिए भाजपा ने किया उम्मीदवारों का ऐलान, पुणे-नागपुर की तीन सीटों पर नाम तय

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। भाजपा केंद्रीय कार्यालय 6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली से दिनांक 4 अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति में इस बात की जानकारी दी गई। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने महाराष्ट्र में होने वाले स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के विधान परिषद चुनाव 2026 के लिए तीन नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है। यह प्रेस विज्ञप्ति सांसद (राज्यसभा) एवं राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी तरुण चुघ द्वारा जारी की गई है। पार्टी द्वारा जारी सूची के अनुसार महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव 2026 के लिए पुणे स्नातक सीट से डॉ. स्मिता जाधव को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा नागपुर स्नातक सीट से सुधाकर विट्ठलराव कोहले को टिकट दिया गया है। वहीं, पुणे शिक्षक सीट से कौस्तुभ मुरलीधर गावडे चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने इस बार स्नातक और शिक्षक मतदाताओं के बीच पकड़ रखने वाले चेहरों पर दांव लगाया है। पुणे स्नातक शिक्षित वर्ग और महिला मतदाताओं के बीच अच्छी पकड़ रखती हैं। वहीं, नागपुर से सुधाकर कोहले एक अनुभवी और संगठन से जुड़े पुराने नेता माने जाते हैं। पुणे शिक्षक सीट पर कौस्तुभ गावडे को उतारकर पार्टी ने शिक्षक समुदाय को साधने की कोशिश की है। बता दें कि महाराष्ट्र विधान परिषद की इन सीटों पर स्नातक और शिक्षक मतदाता ही मतदान करते हैं, इसलिए इन चुनावों में उम्मीदवार की शैक्षणिक पृष्ठभूमि और शिक्षक संगठनों में पकड़ काफी मायने रखती है। भाजपा ने उसी रणनीति के तहत इन नामों का चयन किया है। महाराष्ट्र में महायुति सरकार के गठन के बाद यह पहला बड़ा विधान परिषद चुनाव है, इसलिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। जल्द ही पार्टी इन सीटों पर प्रचार अभियान भी तेज करेगी।

हरियाणा: हांसी में नेहरू कॉलेज के पास ट्रक और बस में आमने-सामने की टक्कर, 20 से अधिक यात्री घायल

डेली आवाज भारती



हांसी। हरियाणा के जनपद हांसी में एक निजी बस की सामने से आ रहे ट्रक के साथ जोरदार आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में करीब 20 से 25 यात्रियों के घायल होने की सूचना है। घायलों में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा हांसी के सिसाय पुल क्षेत्र में नेहरू कॉलेज के पास हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11 बजे निजी बस बरवाला से हांसी की तरफ आ रही थी। जैसे ही बस राजकीय महाविद्यालय के पास सिसाय पुल के नजदीक पहुंची, उसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने घायलों को बस से बाहर निकाला। कई घायलों को निजी वाहनों और अन्य साधनों से नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में एक साथ बड़ी संख्या में घायल पहुंचने के बाद चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने तत्काल उपचार शुरू किया। बताया जा रहा है कि हादसे में कई यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कई यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए हिसार रेफर किया गया है। वहीं, अन्य घायलों का नागरिक अस्पताल हांसी में उपचार चल रहा है। हादसे में घायल यात्री पूनम ने बताया कि वह बरवाला से हांसी आ रही थी। पूनम के अनुसार सामने से आए ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान आगे बैठे यात्रियों को गंभीर चोटें आई और कई लोग घायल हो गए। पूनम ने बताया कि उसे भी चोट लगी है।

दुर्घटना के बाद सड़क पर दोनों वाहनों के क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था को संभाला और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

हरियाणा में 8 अक्टूबर को इंडिया गठबंधन का 'वोट बचाओ देश बचाओ' मार्च, सभी जिलों में कांग्रेस करेगी प्रदर्शन : राव नरेंद्र सिंह

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के मुद्दे पर प्रदेशव्यापी अभियान का ऐलान किया है। इसके तहत 2 से 8 अक्टूबर, 2026 तक 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' मनाया जा रहा है। अभियान के अंतिम दिन 8 अक्टूबर को हरियाणा के सभी जिलों में ढ्ढह्लष्ठढ्ढ गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ 'वोट बचाओड्डदेश बचाओ' मार्च निकाले जाएंगे। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि 30 सितंबर को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में ढ्ढह्लष्ठढ्ढ गठबंधन की बैठक हुई थी। बैठक में चुनावी प्रक्रिया, मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ियों, 'वोट चोरी' के आरोपों और इन मुद्दों पर आगे की संयुक्त रणनीति को लेकर चर्चा की गई। इसी बैठक में 2 से 8 अक्टूबर तक देशव्यापी जनजागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। 6 अक्टूबर को जिला स्तर पर समन्वय बैठकें राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 6 अक्टूबर को प्रत्येक जिले में ढ्ढह्लष्ठढ्ढ गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होगी। संबंधित राज्य स्तरीय नेता अपने-अपने जिलों में जिला कांग्रेस कमेटियों के नेतृत्व के साथ बैठक में शामिल होंगे। 7 अक्टूबर को ब्लॉक स्तर पर ढ्ढह्लष्ठढ्ढ गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ संयुक्त तैयारी बैठकें होंगी। इनमें मार्च की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय, निर्धारित मार्ग, समय और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी, ताकि जिला मुख्यालयों पर होने वाले कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से आयोजित किए जा सकें। इसी दिन चंडीगढ़ स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में INDIA गठबंधन के सहयोगी दलों की महत्वपूर्ण बैठक भी प्रस्तावित है। हरियाणा में कांग्रेस मामलों के प्रभारी संजय दत्त ने बताया कि गठबंधन के सहयोगी दलों के राज्य स्तरीय प्रमुखों से इस संबंध में बातचीत हो चुकी है। अभियान के अंतिम दिन 8 अक्टूबर को सभी जिलों में संयुक्त 'वोट बचाओड्डदेश बचाओ' मार्च निकाले जाएंगे। मार्च का समापन डॉ. बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा, महात्मा गांधी की प्रतिमा अथवा संबंधित जिला उपायुक्त कार्यालय पर किया जा सकेगा। निर्धारित स्थल पर संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की जाएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रगान और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक वाचन भी प्रस्तावित है। इसके अलावा, कार्यक्रम के अंत में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन करने का कार्यक्रम रखा गया है।

जिलेवार पर्यवेक्षक नियुक्त, मार्च की जिम्मेदारी भी संभालेंगे

संजय दत्त ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिलों में जिलेवार पर्यवेक्षकों (ह्ह्लह्यद्गह्ल1द्गह्लह्य) की नियुक्ति की गई है। ये पर्यवेक्षक 6 और 7 अक्टूबर को होने वाली समन्वय बैठकों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और अन्य कार्यक्रमों में आवश्यक तालमेल सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, 8 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर जिला उपायुक्त कार्यालय तक निकाले जाने वाले मार्च का नेतृत्व भी करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता ढ्ढह्लष्ठढ्ढ गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ व्यापक जनसंपर्क करेंगे और अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे।

CMYK

page 3_Layout 1 04-10-2026 20:11 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ सोमवार, 5 अक्तूबर 2026

'काम की राजनीति' ने लोगों का विश्वास जीता, 2027 में पंजाब हमें एक और मौका देगा: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

● ईमानदारी से काम करते हमने 90 प्रतिशत परिवारों को मुफ्त बिजली और 10 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध करवाया

● हमने 88 प्रतिशत कृषि भूमि तक नहरी पानी सुनिश्चित किया और माताओं-बहनों को वित्तीय सहायता दी है

डेली आवाज भारती



फतेहगढ़ चूड़ियां, (अमनदीप संधू): मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब अब ÷काम की राजनीति÷ और परिवार-केंद्रित राजनीति के बीच स्पष्ट अंतर देख रहा है। फतेहगढ़ चूड़ियां के घणिए के बांगर में आयोजित बड़ी 'लोक मिलनी' के दौरान मुख्यमंत्री ने 90 प्रतिशत परिवारों के लिए मुफ्त बिजली, 10 लाख रुपये तक के इलाज, 88 प्रतिशत कृषि भूमि के लिए नहरी पानी और माताओं-बहनों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का ध्यान शासन के लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाने पर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महज साढ़े चार वर्षों में उनकी सरकार ने कांग्रेस और अकाली शासन के 22 वर्षों से अधिक काम करके दिखाया है, जबकि सरकारी स्कूलों के कायाकल्प ने पंजाब को शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है। सभा के दौरान जनमत सर्वेक्षण में मिले व्यापक समर्थन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 2027 से पहले लोगों का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है। एक्स पर पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लिखा, ÷आज फतेहगढ़ चूड़ियां विधानसभा क्षेत्र के गांव घणिए के बांगर में विशाल जनसभा के लिए एकत्रित हुए माझा क्षेत्र के लोगों द्वारा दिखाया गया प्यार और उत्साह वास्तव में लाजवाब था। पारंपरिक पार्टियों ने 'मैं और मेरा परिवार' के नाम पर पंजाब को लूटा, लेकिन हमने ईमानदारी से काम किया है, 90 प्रतिशत परिवारों को मुफ्त बिजली, 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज, किसानों के खेतों तक नहरी पानी और माताओं-बहनों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता दी है। इन नीतियों के कारण ही आज पंजाब शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में नंबर एक राज्य बनकर उभरा है। पोस्ट के अंत में लिखा गया, रैली के दौरान करवाए गए जनमत सर्वेक्षण में लोगों द्वारा हाथ खड़े करके दिए गए जबरदस्त समर्थन ने साबित कर दिया कि उनका विश्वास हमारे साथ बरकरार है। इसने यह भी दिखा दिया है कि 2027 में पंजाब के लोग एक बार फिर विकास का रास्ता चुनेंगे। इंकलाब जिंदाबाद। फतेहगढ़ चूड़ियां विधानसभा क्षेत्र में 'लोक मिलनी' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि सरकार का ध्यान परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करने, सरकारी संस्थानों को मजबूत करने और आवश्यक सेवाओं में सुधार लाने पर है। उन्होंने कहा, ÷शासन का अर्थ तभी है, जब इसके लाभ आम आदमी के दरवाजे तक पहुंचें। हमारी सरकार परिवारों पर वित्तीय बोझ कम करने और आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के लगभग 90 प्रतिशत परिवार मुफ्त बिजली का लाभ ले रहे हैं, जबकि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य संबंधी पहल भी शुरू की हैं, जिनके तहत परिवारों को 10 लाख रुपये तक का इलाज कवर मिल सकता है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी संसाधन आम परिवारों के लिए प्रत्यक्ष राहत में बदलें। उन्होंने कहा, ÷हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट है, सरकारी पैसा जनता के कल्याण के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। चाहे वह बिजली हो, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा या सिंचाई, लाभ आम लोगों तक पहुंचने चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने नहरी सिंचाई के विस्तार पर भी ध्यान दिया है और अब 88 प्रतिशत खेतों तक नहरी पानी पहुंच रहा है।

वाराणसी-बठिंडा- वाराणसी सप्ताहिक रिजर्वड स्पैशल एक्सप्रैस ट्रेन पुनः शुरू

■ रेल प्रशासन द्वारा त्योहारों में भारी भीड़ को देखते हुए फैस्टीवल स्पैशल ट्रेन का परिचालन



डेली आवाज भारती

बरनाला/नवीन काली। रेल प्रशासन द्वारा हर वर्ष त्योहारों में भारी भीड़ को देखते हुए फैस्टीवल स्पैशल ट्रेन का परिचालन किया जाता है। जिसके अंतर्गत वाराणसी-बठिंडा-वाराणसी सप्ताहिक रिजर्वड स्पैशल एक्सप्रैस ट्रेन पुन÷ शुरू कर दी गई है। रेलवे सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार वाराणसी-बठिंडा-वाराणसी सप्ताहिक रिजर्वड स्पैशल एक्सप्रैस ट्रेन नं. 04221 वाराणसी से हर रविवार को रात्रि 8÷40 बजे चल कर अगले दिन सोमवार को बरनाला दोपहर 3÷35 बजे, बठिंडा में शाम 5 बजे पहुंचेगी। यह गाड़ी 4, 11, 18, 25 अक्तूबर और 1, 8, 15, 22 नवम्बर को वाराणसी से चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन नं. 04222 हर सोमवार को बठिंडा से रात्रि 8÷50 बजे चल कर बरनाला में रात्रि 9÷52 बजे, वाराणसी में अगले दिन मंगलवार को शाम 5÷30 बजे पहुंचेगी। यह गाड़ी 5, 12, 19, 26 अक्तूबर और 2, 9, 16, 23 नवम्बर को बठिंडा से चलेगी। यह गाड़ी 8 अप और 8 डाऊन फेरों के साथ आवागमन करेगी।

उन्होंने बताया कि यह गाड़ी बाया बठिंडा- रामपुरा फूल- बरनाला- धूरी-पटियाला- राजपुरा- अंबाला- जगाधरी यमुनानगर- सहारनपुर- नजीबाबाद- मुरादाबाद- बरेली- आलमनगर- राए बरेली- प्रतापगढ़ होती हुई वाराणसी पहुंचेगी। यहां पर वर्णनीय है कि गत वर्ष यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन अप और दो दिन डाऊन करती थी। परंतु जिसे कम करके साप्ताहिक कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन के इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आढ़तिया एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज दद्धाहूर ने कहा कि यह गाड़ी पहले सप्ताह में दो दिन अप और दो दिन डाऊन करती थी, इस सैक्शन पर इस गाड़ी की अत्याधिक डिमांड है और दूसरे राज्यों में जाने वाले प्रवासी भारतीयों के लिए यह गाड़ी एक वरदान थी। इसके सफल परिचालन से लोगों में इस गाड़ी के रेगूलर होने की उम्मीद बंधी थी, परंतु रेल प्रशासन ने इसे सप्ताह में एक दिन करके यात्रियों के साथ नाइंसाफी की है। जिस पर रेल प्रशासन को पुन÷ विचार करना चाहिए और इसे इस ट्रेन को रेगूलर किया जाना चाहिए।

रामलीला के मंच पर मर्यादा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, अश्लील गीत-नृत्य पर लगे पूर्ण प्रतिबंध : शास्त्री शंभू प्रसाद शर्मा

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): 10 अक्टूबर से शुरू होने जा रही पावन रामलीला को लेकर शिव दुर्गा मंदिर के शास्त्री शंभू प्रसाद शर्मा, प्रेम नगर, दारा सलाम ने रामलीला कमेटियों एवं आयोजकों से धार्मिक मर्यादा और पवित्रता बनाए रखने की पुरजोर अपील की है। मीडिया से बातचीत करते हुए शास्त्री शंभू प्रसाद शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम की लीला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सत्य, धर्म, त्याग, संस्कार और मर्यादा का पवित्र संदेश है। इसलिए रामलीला के मंच पर प्रस्तुत किए जाने वाले प्रत्येक दृश्य में प्रभु श्रीराम के आदर्शों और सनातन धर्म की मर्यादा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामलीला के दौरान जहां पवित्र ज्योति प्रज्वलित होती है और भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया जाता है, वहां अश्लील गीत, भद्दे नृत्य अथवा धार्मिक वातावरण को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी प्रस्तुति के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने रामलीला नाटक क्लबों के प्रमुखों से अपील की कि मंचन से पहले प्रत्येक दृश्य की गंभीरता से समीक्षा की जाए और ऐसी किसी भी प्रस्तुति को शामिल न किया जाए, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हों। शास्त्री शर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और उनकी लीला का मंचन भी पूर्ण मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। रामलीला के माध्यम से नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, माता-पिता के प्रति सम्मान, सत्य के प्रति निष्ठा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलनी चाहिए।उन्होंने सभी रामलीला आयोजकों, कलाकारों और श्रद्धालुओं से धार्मिक वातावरण की गरिमा बनाए रखने में सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि पवित्र रामलीला को आस्था, संस्कार और प्रभु श्रीराम के आदर्शों का माध्यम बनाना ही सच्ची श्रद्धा है।

ऑल इंडिया कराटे चैंपियन वंश कुमार को परिवार प्रबोधन पंजाब ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): अमृतसर में आयोजित 13वीं क्यू रिन ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2026 में स्वर्ण पदक जीतकर बटाला का नाम रोशन करने वाले होनहार खिलाड़ी वंश कुमार को परिवार प्रबोधन पंजाब की ओर से प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संस्था ने खेल के क्षेत्र में उसकी शानदार उपलब्धि, मेहनत, लगन और प्रतिभा की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डी.ए.वी. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (लड़के), चंदन नगर, बटाला की दसवीं कक्षा के विद्यार्थी वंश कुमार ने अमृतसर में आयोजित इस प्रतिष्ठित कराटे प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उसकी इस उपलब्धि के लिए उसे 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया था। अब परिवार प्रबोधन पंजाब की ओर से प्रशंसा पत्र देकर उसका उत्साहवर्धन किया गया है। परिवार प्रबोधन पंजाब की ओर से वंश कुमार को सम्मानित करना उसकी खेल उपलब्धि का सम्मान करने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने की सराहनीय पहल है। खेल केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, सहनशीलता और कठिन परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता भी विकसित होती है। वंश कुमार जैसे मेहनती और प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी उपलब्धियों के माध्यम से दूसरे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं। उसकी इस सफलता से उसके माता-पिता, विद्यालय और बटाला शहर का गौरव बढ़ा है। प्रशंसा पत्र के रूप में मिला यह सम्मान उसे भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने तथा नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा। उम्मीद है कि वंश कुमार भविष्य में भी अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर खेल जगत में नई ऊंचाइयां हासिल करते हुए अपने विद्यालय, शहर और पंजाब का नाम रोशन करता रहेगा

मैड संधू का नहीं, यह लॉ एंड ऑर्डर का कत्ल है: सांसद औजला

डेली आवाज भारती



अमृतसर/केएस बेदी। अमृतसर में इंफ्लूएंसर और मेकअप आर्टिस्ट मैड संधू की गोली मारकर हत्या के बाद शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना पर सांसद गुरजीत सिंह औजला ने पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सिर्फ मैड संधू का कत्ल नहीं है, बल्कि लॉ एंड ऑर्डर का कत्ल है। सांसद गुरजीत औजला ने कहा कि मैड संधू को काफी समय से धमकियां मिल रही थीं। इन धमकियों का जिक्र उसने सरेआम सोशल मीडिया पर भी किया था। इसके बावजूद सरकार और पुलिस ने मामले को उस गंभीरता से नहीं लिया, जिसकी जरूरत थी। औजला ने कहा कि अगर धमकियों को समय रहते गंभीरता से लिया जाता और सुरक्षा के जरूरी कदम उठाए जाते तो शायद आज एक बेगुनाह की जान नहीं जाती। औजला ने कहा कि किसी व्यक्ति को लगातार धमकियां मिलना अपने आप में गंभीर मामला है। खासकर तब, जब संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक तौर पर अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर कर रहा हो। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस की जिम्मेदारी बनती है कि शिकायत और धमकियों को गंभीरता लें और जरूरी सुरक्षा उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि मैड संधू की हत्या ने अमृतसर समेत पूरे पंजाब में आम लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। सांसद औजला ने कहा कि मैड संधू की हत्या बेहद दुखद और गंभीर घटना है। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि धमकियां मिलने के बावजूद उसकी सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है। सांसद औजला ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने और मामले की पूरी जांच करने की मांग की। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे कौन लोग हैं, मैड संधू को धमकियां क्यों मिल रही थीं और पहले दी गई धमकियों पर क्या कार्रवाई हुई थी, इन सभी पहलुओं की जांच होनी चाहिए। औजला ने कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार और पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अमृतसर जैसे शहर में इस तरह की वारदात होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मामले में सिर्फ आरोपियों की गिरफ्तारी तक सीमित न रहा जाए, बल्कि यह भी जांच हो कि मैड संधू को पहले मिल रही धमकियों के संबंध में पुलिस के स्तर पर क्या कार्रवाई की गई थी।

जिला पुलिस की ओर से 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान जारी - डॉ. रवजोत ग्रेवाल

पिछले सप्ताह के दौरान सब-डिवीजन मूनक में 5 मामले दर्ज, 5 आरोपी गिरफ्तार

डेली आवाज भारती



मूनक/संगरूर, मोहिंदर सिंह, : डॉ. रवजोत ग्रेवाल, आईपीएस, एसएसपी संगरूर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस की ओर से चलाए जा रहे युद्ध नशों के विरुद्ध और गांवों के पहरेदार÷ अभियान के तहत सब-डिवीजन मूनक पुलिस द्वारा 28 सितंबर 2026 से 4 अक्टूबर 2026 तक विशेष कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 3 मामले दर्ज कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 20 नशीली गोलियां, 8 किलो भुक्की चूरा पोस्त और 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इसके अलावा धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत 2 मामले दर्ज कर 2 व्यक्तियों को इलाज के लिए नशा छुड़ाओ केंद्र में दाखिल करवाया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के 72 चालान किए गए हैं। इलाके में अमन-कानून बनाए रखने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए 52 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 172 बीएनएसएस के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। जिला पुलिस प्रमुख संगरूर ने आम जनता से नशा विरोधी अभियान में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि नशों के बुरे प्रभावों से युवाओं को बचाने के लिए गांवों की पंचायतों, स्पोर्ट्स क्लबों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठकें कर आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि नशे की बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे का कारोबार करने वालों और समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

तमन्ना, रिया, नेहा जस्सल, भारती और बॉबिन ने 9.60 का शानदार एसजीपीए हासिल किया

डेली आवाज भारती



जालंधर। एचएमवी की एम. वॉक की टॉपर्स ने जीएनडीयू में 9.60 सीजीपीए हासिल किया हंसराज महिला महाविद्यालय की एम. वॉक (वेब टेक्नोलॉजी और मल्टीमीडिया) सेमेस्टर 2 की छात्राओं ने जीएनडीयू परीक्षाओं में सबसे ज्यादा एसजीपीए हासिल करके कॉलेज का नाम रोशन किया। तमन्ना, रिया, नेहा जस्सल, भारती और बॉबिन ने 9.60 का शानदार एसजीपीए हासिल किया और एकेडमिक एक्सीलेंस (शैक्षणिक उत्कृष्टता) का एक नया बेंचमार्क स्थापित किया। इस उपलब्धि की सराहना करते हुए, प्रिंसिपल डॉ. (श्रीमती) एकता खोसला ने कहा कि इन छात्राओं की सफलता उनके समर्पण, दृढ़ता और फैकल्टी के बेहतरीन मार्गदर्शन को दर्शाती है। डॉ. खोसला ने उन्हें आगे भी उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते रहने और भविष्य में कॉलेज का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रिंसिपल डॉ. खोसला ने इस बात पर भी जोर दिया कि कॉलेज हमेशा ऐसा शैक्षणिक माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ छात्राएं अपनी पूरी क्षमता को पहचान सकें और उसे हासिल कर सकें। प्रिंसिपल डॉ. खोसला ने इस शानदार उपलब्धि के लिए छात्राओं और मल्टीमीडिया विभाग के प्रमुख श्री आशीष चड्ढा को बधाई दी। इस मौके पर सुश्री तन्वी अग्रवाल भी मौजूद थीं।

नितिन कोहली ने भारतीय टीमों के स्वर्ण पदक जीतने वाले एशियन गेम्स के स्क्वॉड के चयन के लिए चार अनुभवी हॉकी हस्तियों को श्रेय दिया

कोहली ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि सावधानीपूर्वक चयन, अनुभव और अंतरराष्ट्रीय हॉकी की गहरी समझ को दर्शाती

डेली आवाज भारती



जालंधर/बलजीत। हॉकी पंजाब के अध्यक्ष और हॉकी इंडिया के उपाध्यक्ष नितिन कोहली ने हॉकी इंडिया के चेयरमैन डॉ. आर.पी. सिंह, मोहम्मद रियाज, एम.एम. सोमैया और बलविंदर सिंह शम्मी को बधाई दी और 2026 एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों के चयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। कोहली ने कहा कि दोनों टीमों के स्क्वॉड के चयन में सावधानीपूर्वक आकलन, अनुभव और अंतरराष्ट्रीय हॉकी की गहरी समझ शामिल थी। उन्होंने हॉकी इंडिया की चयन समिति में शामिल चार अनुभवी हॉकी हस्तियों को प्रतिभाओं की पहचान करने और प्रतिस्पर्धी टीमों के गठन में उनके योगदान का श्रेय दिया, जिन्होंने प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने कहा कि डॉ. आर.पी. सिंह, मोहम्मद रियाज, एम.एम. सोमैया और बलविंदर सिंह शम्मी के अनुभव ने चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल की उनकी समझ और अंतरराष्ट्रीय अनुभव ने उन टीमों को तैयार करने में मदद की, जिन्होंने देश का गौरव बढ़ाया। कोहली ने कहा कि एशियन गेम्स में दोनों भारतीय टीमों का स्वर्ण पदक जीतना देश के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का प्रदर्शन उनके समर्पण, कोचिंग स्टाफ की तैयारी और मजबूत एवं प्रतिस्पर्धी टीमों के गठन में चयन समिति के प्रयासों को दर्शाता है।

कोहली ने चारों समिति सदस्यों के योगदान की भी सराहना की और कहा कि भारतीय हॉकी के विभिन्न दौरों में उनके सामूहिक अनुभव ने चयन प्रक्रिया में मूल्यवान दृष्टिकोण प्रदान किए और उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने में सक्षम टीमों के गठन में मदद की। उन्होंने कहा कि दोहरे स्वर्ण पदक की यह उपलब्धि चयन और तैयारी से लेकर मैदान पर प्रदर्शन तक, इसमें शामिल सभी लोगों के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक प्रदर्शन विशेष रूप से पंजाब में उभरते हॉकी खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा, जिसका भारतीय हॉकी के साथ लंबे समय से जुड़ाव रहा है।

चारों चयन समिति सदस्यों को बधाई देते हुए कोहली ने भारतीय हॉकी में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और दोनों टीमों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वर्ण पदक की ये जीत हॉकी खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेंगी और देश में इस खेल के निरंतर विकास में योगदान देंगी।

page 4_Layout 1 04-10-2026 20:15 Page 1

गुरुहरसहाय में परिवार का इकलौता नौजवान बेटा फिर चढ़ा नशे की भेंट, नौजवान की मौत से परिवार सदमें में

परिवारिक मेंबरों ने सोशल मीडिया पर सियासी नेताओं एवं पुलिस प्रशासन को जमकर कौसा, बोले खुले आम बिक रहा नशा

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): गुरुहरसहाय में रेलवे पार्क के पास रविवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मालूम हो कि मृतक विक्रम सेठी युवक की उम्र 25 साल के करीब बताई जा रही है और वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके शव के पास एक सीरिंज भी पड़ी मिली, जिसके यह मौत नशे से होने की आशंका जाहिर की ज रही है। मृतक के पिता सुरिंदर सेठी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका बेटा परिवार का इकलौता सहारा था और वह खुद श्री मुक्तसर साहिब कुटी मौड पर टायर वर्क्स का काम करते हैं। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ पड़ा है। मृतक के पिता सुरेंद्र सेठी और चाचा नरेश सेठी ने सोशल मीडिया पर क्षेत्र के सियासी पार्टीयों के नेताओं और पुलिस प्रशासन पर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि हम ने इनसे कितनी बार गुहार लगाई कि शहर में नशा सरेआम बिक रहा है और इस पर ध्यान दिया जाए। नशा बेचने वालो पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए परंतु किसी की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। जिसके कारण आज हमारे नौजवान बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में एक बार फिर नशे के बढ़ते प्रकोप को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस से नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा नशा बेचने वालों पर शिकंजा कसने की मांग की है।





मृतक नौजवान की जमीन पर पड़ी हुई लाश और सोशल मीडिया पर रोकर अपना दुख सुनाते हुए मृतक के पिता सुरेंद्र सेठी।

भारत विकास परिषद की ओर से करवाई गई 'भारत को जानो' प्रतियोगिता

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता शहर के फरीदकोट रोड पर स्थित जेकेएस पब्लिक स्कूल में करवाई गई। इस प्रतियोगिता में जेकेएस पब्लिक स्कूल, माता साहिब कौर पब्लिक स्कूल और जीटीबी पब्लिक स्कूल के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में माता साहिब कौर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। जूनियर वर्ग में पल्लवी (कक्षा 8वीं) और आरव मोंगा (कक्षा 7वीं) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रांच स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ दोनों विद्यार्थियों का राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वहीं सीनियर वर्ग में पलव (कक्षा 10वीं) और गुरलीन (कक्षा 9वीं) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन महिपाल सिंह, मैनेजर हरबीर सिंह एवं मैनेजर कमलपाल सिंह विद्यालय के कोआर्डीनेटर अभय बजाज, संदीप एवं श्रीमती रचना मोंगा ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। इस मौके भाविप शाखा के प्रधान बुड़ चंद बिंद्रा, सेक्रेटरी मदन मोहन कंधारी, कोमल शर्मा और सोनू गुंबर आदि मौजूद थे।



विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए शाखा के मेंबर और अन्य।

हेरोइन का नशा करते हुए पुलिस ने 1 को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का नशा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का नशा करते हुए जज सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह वासी नवां किला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 1 लाईटर व एक पाईपनुमा वस्तु बरामद की है। मामले की जांच कर रहे त्रिलोक सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में जज सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

पुलिस ने नशीले पदार्थों सहित 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने को चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 12 ग्राम हैरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सदर, थाना छावनी फिरोजपुर, थाना तलवंडी भाई एवं थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना फिरोजपुर सदर के एएसआई सुखबीर सिह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के



अधार पर शगन लाल पुत्र हंसराज वासी रेली अहाता भारत नगर फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चार ग्राम हेरोइन, थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई शर्मा सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर अकाश पुत्र देस राज वासी बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चार ग्राम हेरोइन और थाना मल्लांवाला के एस.आई बलविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी के नजदीक से शक के अधार पर रजिन्द्रपाल सिंह उर्फ बलविन्द्र पुत्र टिक्का सिंह वासी मरखाई को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुरजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर हेरोइन का नशा करते हुए रविन्द्र सिंह पुत्र बख्तौर सिंह वासी छीना फार्म व अमनदीप सिंह उर्फ अमना पुत्र गुरजंट सिंह वासी शनि मंदिर वाली गली तलवंडी भाई को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1 लाईटर, हेरोइन लगी सिल्वर पन्नी और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

हेरोइन का नशा करते हुए जीरा पुलिस ने दाना मंडी से तीन को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी जीरा की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन दाना मंडी जीरा में हेरोइन का नशा कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते थाना जीरा सिटी के सब इंस्पैक्टर सतवंत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी जीरा में हेरोइन का नशा कर रहे किशन सिंह उर्फ पोपली पुत्र सतनाम सिंह वासी बस्ती माछीयां जीरा, गुरजिन्द्र सिंह उर्फ गंजी पुत्र सिकंदर सिंह वासी बस्ती माछीयां जीरा व कुलविन्द्र सिंह उर्फ किंदू पुत्र भजन सिंह वासी मल्होके रोड जीरा को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 1 लाईटर और 10 रुपए का नोट बरामद किया है।

कासो आप्रेशन तहत पुलिस ने की चैकिंग



पुलिस कर्मचारी घर में तलाशी लेते हुए।

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर):नशे के खात्मे के लिए पंजाब सरकार की तरफ से चलाई गई नशों के खिलाफ जंग मुहिम तहत गुरुहरसहाय व थाना लक्खोके बहराम की पुलिस की तरफ से कासो आप्रेशन चलाकर विभिन्न जगहों की तलाशी ली गई। इस मौके पर पुलिस की तरफ से गांव गजनीवाला मतड़ उताड़, बस्ती गुरु कर्म सिंह वाली व गांव झावड़ा में विभिन्न घरों की जांच की गई। जानकारी देते हुए डीएसपी तजिन्द्रपाल सिंह ने बताया कि नशे को खत्म करने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और आज इसी कड़ी तहत विभिन्न गांवों व बस्तीयों में जाकर शकी व्यक्तियों के घरों की चैकिंग की गई है। इस मौके पर सब इंस्पैक्टर बलदीप सिंह ने साथी कर्मचारियों के साथ लोगों के घरों की तलाशी ली और कहा कि यह जांच अगामी समय में भी जारी रहेगी।

पुलिस ने छापेमारी करके 100 लीटर लाहन बरामद की, दोषी फरार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना ममदोट की पुलिस ने समाज विरोधी अनशरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके भारी मात्रा में लाहन बरामद की है। जबकि दोषी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने उक्त मामलें में फरार दोषी पर आबकारी अधिनियम तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना ममदोट के एएसआई दर्शन सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर दोषी बलविन्द्र सिंह पुत्र बोहड़ सिंह वासी मोहरे वाला के घर छापेमारी करके वहां से 100 लीटर लाहन बरामद की है। जबकि इस कार्रवाई के दौरान बलविन्द्र सिंह मौके से फरार हो गया। मामले की जांच कर रहे दर्शन सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में बलविन्द्र सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

बंगड़ अस्पताल में आयोजित मुफ्त मेडीकल कैंप में 200 मरीजों की हुई जांच



बंगड़ अस्पताल में आयोजित मुफ्त मेडीकल चैकअप कैंप में मरीज अपनी जांच करवाने ने के लिए बैठे हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): शहर के राए सिख भवन के पास बने बंगड़ अस्पताल जीरा गेट में बीते दिन जरुरतमंद लोगों को सेहत सुविधाऐं देने के उद्देश्य को लेकर मुफ्त मेडीकल कैंप आयोजित किया गया। जिसमें माहिर डाक्टरों की तरफ से 200 मरीजो की जांच करके उन्हें सेहत सुविधाऐं प्रदान की गई। इस कैंप में पूर्व विधायक परमिन्द्र सिंह पिंकी ने विशेष तौर पर हिस्सा लिया, जबकि नगर कौंसिल के प्रधान सचदेवा, रिंकू ग्रोवर, अटारी, हांडा आदि भी शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक पिंकी ने अस्पताल की तरफ से लोगों को दी जा रही सेहत सुविधाओं की प्रशंसा की और अगामी समय में भी उक्त सेवाओं को जारी रखने के लिए अस्पताल प्रबंधकों को कहा। कैंप में मरीजों की जांच के साथ-साथ उनके फाईब्रो सकैन बीएमडी टैस्ट भी मुफ्त किए गए और मरीजों को डाक्टरों की तरफ से सेहतमंद रहने के लिए विशेष जानकारी भी दी गई।

गांव सेखवां में सरबत की भलाई की कामना को लेकर धार्मिक समारोह आयोजित

समारोह में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ के भोग डालकर सजाया गया कीर्तन दरबार



गांव सेखवां में आयोजित धार्मिक समारोह में कथा कीर्तन करते हुए सतं-महापुरुष, गणमांयों को सम्मानित करते हुए प्रबंधक और समारोह में लंगर प्रसाद गृहन करती हुई संगत।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): विधान सभा क्षेत्र जीरा के अंतगर्त पड़ते गांव सेखवां में धान की फसल के तैयार होने और सरबत की भलाई की कामना को लेकर बस स्टैंड नैशनल हाईवे के नजदीक विशेष धार्मिक समारोह गांव के पूर्व सरपंच गुर प्रेम सिंह बब्बू एवं समूह सगत के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें कुछ दिन पूर्व रखे गए श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पाठों का भोग डाला गया और सभी की भलाई के लिए अरदास की गई। जानकारी अनुसार समारोह में सजाए गई कीर्तन दरबार में भाई गुरशरन सिंह के रागी जत्थे ने कीर्तन करके संगत को गुरु घर से जौड़ा और समारोह में शामिल हुए निर्मल पंथ के महंत रेशम सिंह सेखवां वालों और संत रजिन्द्र सिंह अचार्या ने गुरुबाणी के विचारों से संगत को निहाल किया और गुरु मर्यादा में रहने का संदेश दिया। इस मौके पर अन्य के अलावा जसकरण सिह पूर्व मैंबर, नेक सिंह सेखों, बलजिन्द्र सिंह कैनेडीयन, नच्छतर सिंह सेखों, कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह राजा, गोला सिंह सहित अन्य संगत ने लोगों के लिए लगाए गए अटूट लंगर में सेवा की और सभी को सम्मान के साथ लंगर प्रसाद वितरित किया। समारोह के अंत में पूर्व सरपंच गुर प्रेम सिंह बब्बू, महंत रेशम सिंह सेखवां वालों और संत रजिन्द्र सिंह अचार्या ने समारोह में सहयोग करने वाले गणमांयो को सम्मानित भी किया।

फिरोजपुर मंडल ने एक दिन में रिकॉर्ड तीन एनएमजी रेक लोड कर बनाया नया कीर्तिमान



फिरोजपुर रेल मंडल में लोड किए गए नोनालिका ट्रैक्टर की तस्वीर।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में फिरोजपुर मंडल द्वारा माल परिवहन को बढ़ावा देने के साथ-साथ इसकी त्वरित लोडिंग तथा सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में फिरोजपुर मंडल ने बीते दिन एक ही दिन में रिकॉर्ड तीन एमएमजी रेक लोड कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इन तीनों रेकों में टीसीएल लोगोस्टिक द्वारा सोनालिका ट्रैक्टर का परिवहन किया गया। तीनों एमएमजी रेकों के माध्यम से कुल 418 ट्रैक्टरों का परिवहन किया गया तथा मंडल को कुल 37,36,821 का मालभाड़ा प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि फिरोजपुर मंडल की कुशल कार्यप्रणाली, समन्वय और ग्राहकों को दी जा रही सुविधाजनक सेवाओं का नतीजा है। मंडल द्वारा माल ढुलाई को बढ़ावा देने और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

30वें विशाल मां भगवती जागरण को लेकर सांझा क्लब ने गुरप्रताप सिंह पडियाला को दिया निमंत्रण



डेली आवाज भारती

कुराली, ,संदीप अकालगढ़िया,सांझा क्लब शिव मंदिर चनालों, कुराली की ओर से करवाए जा रहे 30वें विशाल मां भगवती जागरण को लेकर क्लब के पदाधिकारियों एवं प्रबंधकों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुरप्रताप सिंह पडियाला को निमंत्रण पत्र भेंट किया।

क्लब के प्रबंधक गुरप्रताप सिंह पडियाला के फार्म हाउस पहुंचे और उन्हें जागरण में शामिल होने का निमंत्रण दिया। क्लब के प्रबंधकों ने बताया कि 30वां विशाल मां भगवती जागरण 17 अक्टूबर 2026, शनिवार को डेरा बाबा सर्वण गिरी जी शिव मंदिर, चनालों में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ करवाया जाएगा। जागरण से पहले सुबह 9 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जबकि रात 9 बजे जागरण का शुभारंभ होगा। श्रद्धालुओं के लिए शाम 7 बजे माता जी का लंगर भी लगाया जाएगा। प्रबंधकों ने बताया कि जागरण के दौरान ज्योति प्रचंड बाबा ध्रुव गिरी जी द्वारा की जाएगी। महामाई के गुणगान के लिए इंटरनेशनल सिंगर कंठ कलेर एवं वरिंदर विक्की विशेष रूप से पहुंचकर अपनी प्रस्तुति देंगे और माता रानी का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि 18 अक्टूबर 2026, रविवार को सुबह 5 बजे आरती का आयोजन किया जाएगा। क्लब के प्रबंधकों ने क्षेत्रवासियों एवं माता रानी की संगत से अपील की कि वे इस पवित्र जागरण में पहुंचकर महामाई का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस अवसर पर गुरप्रताप सिंह पडियाला ने क्लब के पदाधिकारियों एवं प्रबंधकों द्वारा दिए गए निमंत्रण के लिए उनका धन्यवाद किया और 30वें विशाल मां भगवती जागरण की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

शिक्षा क्रांति के नाम पर झूठ का ढोल पीटने वाली मान सरकार का निकला दिवाला

शिक्षकों की कमी पूरी करने के बजाय सच बोलने वाले अपने ही विधायक की आवाज़ घोंटने पर उतरी 'आप'

- **जहां चुने हुए प्रतिनिधियों का गला घोंटा जाए, वहां आम जनता को क्या इंसाफ मिलेगा? भगवंत मान दिल्ली के गुलाम बनकर पंजाब का भविष्य बर्बाद करना बंद करें**

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रो. सरचंद सिंह ख्याला ने मौड़ मंडी से आम आदमी पार्टी के विधायक सुखवीर सिंह माइसरखाना द्वारा सरकारी स्कूलों, जिनमें %स्कूल ऑफ एमिनेंस% भी शामिल हैं, में अध्यापकों की भारी कमी का मुद्दा उठाने पर पार्टी द्वारा उन्हें निलंबित किए जाने के फैसले के खिलाफ अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और मान सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस दमनकारी कार्रवाई ने %आप% की तथाकथित %शिक्षा क्रांति% की पोल खोल कर रख दी है। प्रो. ख्याला ने माइसरखाना द्वारा %आप% की शिक्षा नीति का पर्दाफाश करने और सरकार की कड़ी आलोचना करने के हौसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब मान सरकार के अपने विधायक ही उसके खिलाफ बगावती और सख्त रुख अपना चुके हैं। जिस पार्टी के विधायक के अपने बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हों, यदि वही विधायक बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए स्कूलों में शिक्षकों के खाली पद भरने की गुहार लगाए और सरकार समस्या का समाधान करने की बजाय उसे ही निलंबित करने जैसी शर्मनाक हरकत करे, तो यह साफ है कि आम आदमी पार्टी कोई लोकतांत्रिक दल नहीं, बल्कि हिटलरशाही मानसिकता से चलने वाला गिरोह है। उन्होंने आगे कहा कि पहले दिल्ली और अब पंजाब में शिक्षा क्रांति के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई के सैकड़ों करोड़ रुपये विज्ञापनों में फूंकने वाली सरकार का पाखंड और असली चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। मान सरकार के पास अध्यापकों की भर्ती करने की न कोई नीति है और न ही नीयत। सरकार ने यह साबित कर दिया है कि वह केवल झूठ और



फरेब के सहारे सत्ता चला रही है। जमीनी स्तर पर पंजाब के स्कूल शिक्षकों से वंचित हैं और लाखों बच्चों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। भाजपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को घेरते हुए कहा कि %आप% सरकार पूरी तरह तानाशाही रवैया अख्तियार कर चुकी है। पार्टी के भीतर लोकतंत्र का जनाज़ा निकल चुका है, जहां सिर्फ दिल्ली के आकाओं के हुक्म बजाने की छूट है; जनहित में सच बोलने की कोई जगह नहीं बची। प्रो. ख्याला ने मुख्यमंत्री को ललकारते हुए कहा कि यदि सरकार में ज़रा सी भी नैतिकता बची है, तो वह अपनी नाकामियां छिपाने के लिए विधायकों की जुबान बंद करने का कायरतापूर्ण रास्ता छोड़े। सच बोलने पर पहले अमृतसर के एक विधायक को बाहर का रास्ता दिखाया गया और अब माइसरखाना की बलि ले ली गई। %आप% का शुरुआती एजेंडा सरकारों की जवाबदेही तय करना था, लेकिन आज दिल्ली हाईकमान के इशारों पर कठपुतली बनी पंजाब सरकार में जवाबदेही तो दूर, सवाल पूछने तक की मनाही है; केवल अंधी गुलामी के लिए जगह है। यह आम आदमी पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना है। भाजपा नेता ने दो-टूक चेतावनी देते हुए कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों को डरा-धमकाकर या निलंबित करके जनता की समस्याओं को दबाया नहीं जा सकता। यदि सरकार अपने ही विधायकों की आवाज़ कुचल रही है, तो आम पंजाबी के साथ इनके अन्याय की हद क्या होगी, यह भली-भांति समझा जा सकता है। पंजाब के लाखों गरीब बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली इस निकम्मी सरकार को राज्य की जनता सबक सिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आलोचना सुनने का हौसला रखें और विधायकों को निलंबित करने की बजाय पंजाब के स्कूलों में खाली पड़े हजारों शिक्षकों के पद तत्काल भरें। अन्यथा पंजाब के जागरूक नागरिक इस तानाशाही और शिक्षा के साथ किए जा रहे विश्वासघात का जवाब राजनीतिक मैदान में ज़रूर देंगे। पंजाब की जनता अब सरकार के हवाई दावों और ज़मीनी हकीकत के अंतर को बखूबी समझ चुकी है और आने वाले चुनावों में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

CMYK

page 5_Layout 1 04-10-2026 20:17 Page 1

अमृतसर जिले में धान की खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी

बीती शाम तक 35,766 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : अमृतसर जिले में खरीफ सीजन 2026-27 के दौरान धान की सरकारी खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। 3 अक्टूबर 2026 की शाम तक जिले की मंडियों में कुल 36,360 मीट्रिक टन धान की आमद हुई है, जिसमें से 35,766 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर श्री दलविंदरजीत सिंह ने बताया कि 3 अक्टूबर की शाम तक जिले की मंडियों में 18,655 मीट्रिक टन धान की आमद हुई, जिसमें से विभिन्न सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा 18,471 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई। उन्होंने बताया कि धान की सरकारी खरीद के लिए निर्धारित दर` 2,461 प्रति क्विंटल है। अब तक हुई कुल खरीद में से पनग्रेन द्वारा 14,963 मीट्रिक टन, मार्कफेड द्वारा 13,839 मीट्रिक टन, पनसप द्वारा 2,703 मीट्रिक टन और पी.एस.डब्ल्यू.सी. द्वारा 4,261 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि खरीदे गए धान की लिफ्टिंग का कार्य भी शुरू हो गया है और अब तक कुल 3,574 मीट्रिक टन धान की लिफ्टिंग की जा चुकी है। इसमें पनग्रेन द्वारा 627 मीट्रिक टन, मार्कफेड द्वारा 2,137 मीट्रिक टन, पनसप द्वारा 445 मीट्रिक टन तथा पी.एस.डब्ल्यू.सी. द्वारा 365 मीट्रिक टन धान की लिफ्टिंग शामिल है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं तथा खरीद, लिफ्टिंग और भुगतान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। डिप्टी कमिश्नर ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल मंडियों में लाते समय निर्धारित मापदंडों का पालन करें, ताकि धान की खरीद प्रक्रिया को और तेज एवं सुचारू ढंग से पूरा किया जा सके।

विधायक डॉ. अजय गुप्ता के नेतृत्व में वार्ड नंबर 58 में 'युद्ध नशों के विरुद्ध' के तहत महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक

विधायक गुप्ता ने लोगों से नशों के खिलाफ अभियान में सरकार का सहयोग करने की अपील की

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी पंजाब सरकार द्वारा नशों के खिलाफ चलाई जा रही 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम के तहत अमृतसर केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 58 में डब्ल्यू.डी.सी. कमेटी के सहयोग से एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अमृतसर केंद्रीय के विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने की, जबकि नशा मुक्ति मोर्चा के माझा जोन प्रभारी दीक्षित धवन विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान नशों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने, नशों के खिलाफ जनभागीदारी बढ़ाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वार्डवासियों ने नशों के खिलाफ सकारात्मक नारे लगाते हुए पंजाब को नशामुक्त बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि नशों के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही नशामुक्त पंजाब के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही नशे की दलदल में फंसे युवाओं का उपचार करवाकर उन्हें दोबारा सामान्य जीवन की मुख्यधारा में लाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नशों के खिलाफ सरकार की मुहिम में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपने आसपास नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि को बढ़ावा न मिलने दें। इस अवसर पर नशा मुक्ति मोर्चा के माझा जोन प्रभारी दीक्षित धवन ने कहा कि नशा मुक्ति मोर्चा के सभी सदस्य पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही 'युद्ध नशों के विरुद्ध' मुहिम में भरपूर सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोर्चे द्वारा गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को नशों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है तथा भविष्य में भी ऐसी जागरूकता बैठकें लगातार आयोजित की जाएंगी।

11 अक्टूबर को 101 जरूरतमंद लड़कियों के सामूहिक विवाह, गुरप्रताप सिंह पडियाला को दिया निमंत्रण

- कहा कि समाज में ऐसे सज्जनों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण

डेली आवाज भारती



कुराली, अकालगढ़ियाः आज एक सहारा फाउंडेशन के समूह सदस्यों द्वारा 11 अक्टूबर को करवाए जा रहे 101 जरूरतमंद लड़कियों के सामूहिक विवाह समारोह के संबंध में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुरप्रताप सिंह पडियाला के फार्म हाउस पहुंचकर उन्हें विशेष रूप से निमंत्रण पत्र दिया गया। इस अवसर पर दीपक शर्मा सहित फाउंडेशन के सदस्यों ने गुरप्रताप सिंह पडियाला से मुलाकात कर उन्हें समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि 11 अक्टूबर को 101 जरूरतमंद लड़कियों के सामूहिक विवाह करवाने का प्रयास किया जा रहा है। इस समाजसेवी पहल का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह सम्मानपूर्वक करवाने के साथ-साथ उनके परिवारों को सहयोग प्रदान करना है। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुरप्रताप सिंह पडियाला द्वारा पहले भी फाउंडेशन के समाजसेवी कार्यों में बड़ा योगदान दिया गया है। उनके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने विशेष रूप से उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे सज्जनों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है, जिनके सहयोग और हौसले से समाजसेवी संस्थाओं को बड़े कार्य करने की हिम्मत मिलती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बेटियों के सामूहिक विवाह जैसे कार्य समाज के सहयोग से ही सफलतापूर्वक संपन्न किए जा सकते हैं। फाउंडेशन के सदस्यों ने गुरप्रताप सिंह पडियाला का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा पहले दिया गया सहयोग फाउंडेशन के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी उन्हें इसी तरह सहयोग मिलता रहेगा।

लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने जंडियाला गुरु विधानसभा क्षेत्र से 63वीं तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

डेली आवाज भारती



जंडियाला गुरु/अमृतसर, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज विधानसभा क्षेत्र जंडियाला गुरु के गांव बंडाला की पंचायत पत्ती गोपी की से क्षेत्र की 63वीं और गांव बंडाला से चौथी तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बस के माध्यम से संगत को श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और श्री नैना देवी धाम के दर्शन करवाए जाएंगे। संगत को रवाना करने के अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत प्रदेशवासियों को विभिन्न धार्मिक स्थलों के निःशुल्क दर्शन करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है। यात्रियों को धार्मिक स्थलों तक ले जाने और वापस लाने के अलावा यात्रा के दौरान रहने आदि के आवश्यक प्रबंध भी प्रदेश सरकार द्वारा किए जाते हैं, ताकि हर वर्ग के लोग बिना किसी आर्थिक बोझ के अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों के दर्शन कर सकें। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेश भर में पांच लाख से अधिक यात्री विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर चुके हैं तथा प्रतिदिन विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से तीर्थ यात्रा की बसें रवाना हो रही हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र जंडियाला गुरु से आज 63वीं तीर्थ यात्रा बस रवाना की गई है, जबकि अकेले गांव बंडाला से यह चौथी तीर्थ यात्रा बस रवाना हुई है।

लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने सीबीएसई नेशनल हॉकी चैंपियनशिप-2026-27 की खिलाड़ियों से की मुलाकात

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी माननीय संत ज्ञानी हरनाम सिंह जी खालसा भिंडरांवाले, मुखी दमदमी टकसाल एवं प्रधान संत समाज जी के योग्य मार्गदर्शन में संचालित संत ज्ञानी गुरबचन सिंह जी खालसा अकादमी, मेहता चौक में आयोजित सीबीएसई नेशनल हॉकी चैंपियनशिप 2026-27 के दौरान पंजाब सरकार के लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने विभिन्न राज्यों से पहुंची खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 गर्ल्स वर्गों में देश के विभिन्न हिस्सों से स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। अंडर-14 वर्ग में 10, अंडर-17 वर्ग में 9 तथा अंडर-19 वर्ग में 7 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस प्रकार कुल 26 टीमें राष्ट्रीय स्तर के इस मुकाबले में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। प्रतियोगिता में पंजाब के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी पहुंची हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुहिंदर कौर सहित पहुंचे। उनके साथ मार्केट कमेटी के चेयरमैन स. लखविंदर सिंह, सरपंच मेहता चौक श्री अजय गांधी, आम आदमी पार्टी के नेता स. गुरविंदर सिंह खब्बे राजपूतां, स. परगट सिंह तथा स. दिलबाग सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने देश के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंची सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि खालसा अकादमी, मेहता चौक को इतने बड़े राष्ट्रीय स्तर के हॉकी मुकाबले की मेजबानी का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अनुशासन, मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देते हैं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व के गुण भी विकसित करते हैं।

भारतीय योग संस्थान द्वारा अमृतसर में 60वे योग दिवस का आयोजन- बढ़ती उम्र में तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग जरूरी- देसराज गुप्ता

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : भारतीय योग संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देसराज गुप्ता ने जीवन में योग के महत्व विषय पर चर्चा करते हुए कहा है कि बढ़ती उम्र में तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने के लिए योग अनिवार्य है। उन्होंने आज भारतीय योग संस्थान, अमृतसर की ओर से प्रातः 5:15 से 10 बजे तक आयोजित किए गए 60 वे योग दिवस के अंतर्गत बीबीके डीएवी कॉलेज के प्रांगण में आयोजित शिविर दौरान अपने संबोधन में श्री देसराज ने कहा कि जीवन में उम्र को बढ़ने से नहीं रोका जा सकता और इससे शरीर पर आने वाले प्रभाव और परिवर्तन को भी नहीं रोका जा सकता पर योग की मदद से इस परिवर्तन की गति को कम किया जा सकता है। इसलिए बढ़ती उम्र में व्यक्ति को तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने के लिए योग बहुत जरूरी है। अपने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि बढ़ती उम्र किस तरह व्यक्ति के शरीर के अंगों को प्रभावित करती है। सेवानिवृत होकर घर बैठ गए व्यक्ति के शरीर की कार्यप्रणाली धीरे-धीरे शिथिल होती जाती है। इसलिए जरूरी है कि इस उम्र में हर व्यक्ति अपने आप को व्यस्त रखें और यह योग सेवा द्वारा ही संभव है। उन्होंने लोगों को बड़े सरल तरीके से समझाया की बढ़ती उम्र में आ रहे रोगों से अंधविश्वास द्वारा नहीं बचा जा सकता। योग विज्ञान है इसको समझो और जीवन में अपनाओ। 1967 में स्थापित हुए भारतीय योग संस्थान के बढ़ते कदमों की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि देश में 23 प्रांतो में 4600 से अधिक योग केंद्र चल रहे हैं। अलग-अलग 10 देशो में 60 से अधिक योग केंद्र चल रहे हैं। इन योग केंद्रो के माध्यम से लाखों लोग देश मे निशुल्क योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य जिओ और जीवन दो है। सारा संसार एक कुटुंब है और यहां सभी स्वस्थ हो। इसलिए अधिक से अधिक लोग इस ईश्वरीय कार्य में शामिल हो ताकि एक स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस कार्यक्रम के दौरान संस्थान के अधिकारियों, केंद्र प्रमुख और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की और संस्थान का दायरा ओर अधिक शहरों में बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शहर में स्थापित किए गए 17 नऐ योग केंद्रो के केंद्र प्रमुख व अन्य अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

रणजीत एवेन्यू पुलिस थाना नई इमारत में शिफ्ट, ट्रैफिक जाम से शहरवासियों को बड़ी राहतः करमजीत सिंह रिंटू

इलाका निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग हुई पूरी, नए पुलिस थाने के लिए करीब एक वर्ष पहले आवंटित की थी 2,000 वर्ग गज जमीन

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : रणजीत एवेन्यू पुलिस थाने वाले चौक पर रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम और इसके कारण लोगों को होने वाली परेशानी से अब बड़ी राहत मिलेगी। इलाका निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए पुलिस थाने को नवनिर्मित भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही पुराने थाने के बाहर और सड़क किनारे खड़े पुलिस वाहनों को भी वहां से हटाने और शिफ्ट करने का काम तेजी से किया जा रहा है। पिछले चार दिनों से यह प्रक्रिया लगातार जारी है, जिससे चौक और सड़क को खाली कर यातायात को और अधिक सुचारू बनाया जा सकेगा। अमृतसर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन एवं आम आदमी पार्टी के हलका अमृतसर उत्तरी के इंचार्ज करमजीत सिंह रिंटू ने बताया कि रणजीत एवेन्यू के इस महत्वपूर्ण और व्यस्त चौक पर पुलिस थाना तथा सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण लंबे समय से यातायात प्रभावित हो रहा था। इलाका निवासियों, व्यापारियों और रोजाना यहां से गुजरने वाले लोगों द्वारा लगातार इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग उठाई जा रही थी। रिंटू ने बताया कि लोगों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए करीब एक वर्ष पहले उनके द्वारा रणजीत एवेन्यू कमर्शियल एरिया में एयर फोर्स स्टेशन के पीछे नए पुलिस थाने के निर्माण के लिए 2,000 वर्ग गज जमीन आवंटित की गई थी। अब इस जमीन पर नए पुलिस थाने की इमारत बनकर तैयार हो चुकी है और पुलिस थाने को नए परिसर में शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुराने पुलिस थाने के बाहर और सड़क किनारे लंबे समय से खड़े पुलिस वाहनों को भी चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। पिछले चार दिनों से बड़ी संख्या में वाहनों को नई जगह पर शिफ्ट किया जा रहा है। इसके पूरा होने के बाद चौक अधिक खुला होगा, सड़क पर उपलब्ध जगह बढ़ेगी और ट्रैफिक का आवागमन पहले की तुलना में काफी सुचारू हो सकेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इलाका निवासी और स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। लंबे समय से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान होने पर लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि पुलिस थाना और सड़क किनारे खड़े वाहनों के शिफ्ट होने से रणजीत एवेन्यू के इस व्यस्त चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा सुधार आएगा और रोजाना होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी। करमजीत सिंह रिंटू ने कहा, ÷यह केवल पुलिस थाना शिफ्ट करने का कार्य नहीं है, बल्कि इलाका निवासियों की लंबे समय से चली आ रही एक महत्वपूर्ण मांग का स्थायी समाधान है। लोगों ने जो समस्या हमारे सामने रखी थी, उसके समाधान के लिए जमीन आवंटित करने से लेकर नई इमारत के निर्माण और अब थाने व वाहनों की शिफ्टिंग तक लगातार प्रयास किए गए। आज इस काम को पूरा होते देखकर सबसे अधिक खुशी इस बात की है कि लोगों को रोजाना होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी।

वार्ड नंबर 2 के जुझार सिंह एवेन्यू में 'आप' की डोर-टू-डोर मुहिम

- विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू ने लोगों से किया सीधा संवाद, जानी समस्याएं और सुझाव

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी विधानसभा हलका पश्चिमी के वार्ड नंबर 2 के अंतर्गत आने वाले जुझार सिंह एवेन्यू में आम आदमी पार्टी की ओर से डोर-टू-डोर मुहिम चलाई गई। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों से सीधे संपर्क स्थापित करना, उनकी समस्याओं, सुझावों और मांगों को जानना तथा लोगों के साथ पार्टी के संबंधों को और मजबूत करना था। इस दौरान हलका पश्चिमी के विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों से बातचीत करते हुए स्थानीय स्तर पर पेश आ रही समस्याओं, विकास कार्यों से संबंधित सुझावों तथा अन्य जनहित के मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विधायक डॉ. जसबीर सिंह संधू ने कहा कि आम आदमी पार्टी की राजनीति लोगों के दरवाजे तक पहुंचकर उनकी बात सुनने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम करने की राजनीति है। उन्होंने कहा कि लोगों से सीधा संवाद किसी भी जनपक्षीय संगठन की मजबूती का आधार है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता और नेता लगातार जमीनी स्तर पर लोगों के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं। डोर-टू-डोर मुहिम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं और सुझावों को सीधे सुना जाए तथा जायज मामलों को संबंधित विभागों के ध्यान में लाकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। विधायक ने कहा कि आम आदमी पार्टी की असली ताकत उसके मेहनती, ईमानदार और समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो हर समय लोगों के साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर पार्टी के संगठन को और मजबूत करने के साथ-साथ हर घर तक पहुंच बनाई जा रही है, ताकि लोगों की जरूरतों और अपेक्षाओं को बेहतर ढंग से समझा जा सके। डॉ. संधू ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों तथा लोगों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जा रहा है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 04-10-2026 16:40 Page 1



460-काउंट बंगाल मलमल से तैयार इस आउटफिट ने भारतीय टेक्सटाइल की खूबसूरती को सेलिब्रेट किया।

BOF 500 गाला में जान्हवी कपूर ने पेरिस में बिखेरा जलवा

जान्हवी कपूर ने पेरिस में आयोजित BoF 500 गाला में भारतीय शिल्प और डिजाइन की खूबसूरती को ग्लोबल फैशन मंच पर पेश किया है। इस खास मौके पर वह पंकज एस हेरिटेज के कस्टम आउटफिट में नजर आईं, जिसे रिया कपूर ने स्टाइल किया था। ऑफ-व्हाइट रंग के इस खूबसूरत लुक में पारंपरिक छह गज की साड़ी के सिल्हूट को एक मॉडर्न अंदाज में पेश किया गया था। लो-स्लंग ड्रेप, खुले कंधे और जमीन तक जाती एलिगेंट पल्लू ने उनके लुक को बेहद खास बना दिया। 460-काउंट बंगाल मलमल से तैयार इस आउटफिट ने भारतीय टेक्सटाइल की खूबसूरती को सेलिब्रेट किया, वहीं इसका लुक पूरी तरह मॉडर्न और ग्लोबल रखा गया था। सिंपल आइवरी बेस के साथ गोल्ड बीड्स, मोतियों, सीपियों, पन्नों, पोल्की और टैसल्स से तैयार किया गया शानदार हैंडक्राफ्टेड अडॉर्नमेंट उनके लुक का सबसे खास हिस्सा रहा। कंधे से लेकर बांह तक नजर आ रही यह ज्वेलरी डिटेलिंग पूरे लुक को ड्रामेटिक और ग्लैमरस टच दे रही थी। गौरतलब है कि पेरिस फैशन वीक के सबसे प्रभावशाली फैशन आयोजनों में शामिल BoF 500 गाला में जान्हवी का यह लुक विरासत और आधुनिक ग्लोबल ग्लैमर का खूबसूरत संतुलन नजर आया। अपने इस अंदाज के जरिए उन्होंने भारतीय डिजाइन, टेक्सटाइल आर्ट और बेहतरीन कारीगरी को अंतरराष्ट्रीय फैशन मंच पर खास पहचान दिलाई है।

'दस का दम' करने से डर रहे थे सलमान खान

पिता सलीम खान की एक सलाह ने बदल दी जिंदगी



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपने टीवी सफर को याद करते हुए बताया कि शो दस का दम उनके करियर के लिए कितना बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ था। उन्होंने अपनी टीवी जर्नी की तुलना दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन से भी की और बताया कि जिस तरह कौन बनेगा करोड़पति ने बिग बी की इमेज को एक नया रंग दिया, उसी तरह दस का दम ने लोगों को सलमान खान का एक अलग रूप दिखाया। उन्होंने कहा कि इस शो ने ऐसे समय में उनकी छवि बदली, जब उनकी जिंदगी और करियर दोनों ही मुश्किल दौर से गुजर रहे थे।

सलमान खान ने ये बातें बिग बॉस 20 के वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान कहीं। उन्होंने कहा, जब मुझे दस का दम ऑफर हुआ था, उस वक्त मैं अपनी जिंदगी के एक मुश्किल दौर से गुजर रहा था। मेरे खिलाफ लगातार बातें हो रही थीं और मीडिया में भी मुझे काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में मैं खुद इस शो को करने के लिए तैयार नहीं था।

सलमान ने बताया, मैंने इस बारे में अपने पिता सलीम खान से बात की थी। उन्होंने मुझे शो करने की सलाह दी और इसके बाद मैंने दस का दम को होस्ट किया। शो ने धीरे-धीरे दर्शकों के बीच मेरी एक नई पहचान बना दी। अमिताभ बच्चन का उदाहरण देते हुए सलमान ने कहा, मिस्टर बच्चन के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था। कौन बनेगा करोड़पति करने के बाद अमिताभ बच्चन की लोगों के बीच एक अलग पहचान बन गई थी। जिस दिन उन्होंने कौन बनेगा करोड़पति किया, उस दिन वह लोगों के बीच कौन बनेगा करोड़पति अंकल बन गए। सलमान ने कहा, मेरे के साथ भी दस का दम के बाद कुछ ऐसा ही हुआ। लोगों ने मेरी फिल्मों के बजाय मुझे इस शो के जरिए याद करना शुरू कर दिया। मैंने दस का दम के दो सीजन किए और इसके बाद मैं लगातार बिग बॉस से जुड़ा रहा। मैं अब तक 17 सीजन में इस रियलिटी शो को होस्ट कर चुका हूं। मेरी इमेज मीडिया में एक एपिसोड में ही साफ हो गई थी। इसके बाद भी जिंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहे, लेकिन आपको लोगों को यह दिखाना होता है कि आप असल में कौन हैं। सलमान ने आगे कहा, अगर उस वक्त मैंने अपने पिता की बात नहीं मानी होती तो शायद दस का दम मेरी जिंदगी का हिस्सा नहीं बनता। उस समय मेरे खिलाफ काफी कुछ लिखा और बोला जा रहा था। हर अखबार और टीवी चैनल मुझे जमकर निशाना बना रहे थे। ऐसे में मैंने अपने पिता से सलाह मांगी थी, जो मेरी जीवन के लिए बेहतर साबित हुई। शो ने मेरी पब्लिक इमेज को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई।

अब शादी जरूरी नहीं...', आज की पीढ़ी के रिश्तों पर खुलकर बोलीं किरण राव

फिल्ममेकर किरण राव अपनी फिल्मों में अक्सर बदलते समाज और रिश्तों को अलग नजरिए से दिखाती हैं। उनकी कहानियों में आज की पीढ़ी की सोच, उनकी आजादी और रिश्तों को लेकर बदलता नजरिया भी देखने को मिलता है। अब 'लस्ट स्टोरीज 3' के प्रमोशन के दौरान किरण राव ने आज के युवाओं के रोमांटिक रिश्तों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनकी पीढ़ी और आज की युवा पीढ़ी के रिश्तों को देखने के तरीके में काफी बदलाव आया है। दरअसल, आईएएनएस ने जब बातचीत के दौरान किरण राव से पूछा कि उनकी कहानी के युवा किरदार प्यार और रिश्तों को लेकर थोड़े बेपरवाह नजर आते हैं, इसे वह किस तरह देखती हैं और एक डायरेक्टर के साथ-साथ एक आम इंसान के तौर पर उनके रिश्तों को कैसे समझती हैं। इस पर किरण राव ने कहा, 'मुझे आज की युवा पीढ़ी बेपरवाह नहीं, बल्कि उनमें एक तरह की आजादी और बिना झिझक अपनी भावनाओं को जाहिर



करने की क्षमता नजर आती है। हमारी पीढ़ी के समय लोगों से एक खास तरह के रिश्ते में रहने की उम्मीद की जाती थी। लेकिन अब दुनिया बदल चुकी है और रिश्तों को लेकर लोगों की सोच भी पहले जैसी नहीं रही। आज की युवा पीढ़ी खुद को व्यक्त करने और अपनी पसंद के रिश्ते चुनने को लेकर ज्यादा खुली हुई है।' उन्होंने कहा, 'आज के युवाओं में खुद को लेकर एक तरह की आजादी है। ये अपनी भावनाओं और इच्छाओं को पहले की तुलना में ज्यादा खुलकर जाहिर करते हैं। इसी बदलाव को मैंने अपनी कहानी का हिस्सा बनाया है। कहानी में दो ऐसे युवा हैं, जो किसी रिश्ते में बंधे हुए नहीं हैं, लेकिन एक-दूसरे की तरफ आकर्षित होते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि इसके बाद उनके बीच क्या होता है और जब वे अपनी पसंद के फैसले लेते हैं तो किस तरह की चीजें सामने आती हैं। इसी में कहानी का मजा है। अपनी पीढ़ी के समय को याद करते हुए किरण ने कहा, 'तब शादी के बाद पति-पत्नी के बीच शारीरिक और भावनात्मक जुड़ाव को ही सामान्य माना जाता था, लेकिन अब ऐसा जरूरी नहीं है। आज लोग शादी से पहले भी किसी के साथ गहरे और मजबूत रिश्ते में रह सकते हैं। उनके बीच भावनात्मक जुड़ाव के साथ-साथ शारीरिक रिश्ता भी हो सकता है और इसके लिए शादी का होना जरूरी नहीं माना जाता। यही बदलाव आज की दुनिया को हमारी पीढ़ी के समय से अलग बनाता है। किरण ने आगे कहा, 'मैंने अपनी कहानी को इसी बदलती दुनिया के बीच रखा है। मैं चाहती थीं कि कहानी नई पीढ़ी की ताजगी, उनकी आजादी और रिश्तों को देखने के खुले नजरिए को दिखाए। मेरे लिए यह सिर्फ एक रोमांटिक कहानी नहीं, बल्कि उस दौर की तस्वीर भी है जिसमें आज के युवा अपने रिश्तों और पसंद को पहले से ज्यादा खुलकर जी रहे हैं।'

CMYK

page 7_Layout 1 04-10-2026 19:34 Page 1

कैप्टन स्मित को हनुमान चालीसा से मिला आत्मविश्वास

बचाई 100 से ज्यादा लोगों की जानः धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

डेली आवाज भारती

छतरपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रविवार को दुबई-तेल अवीव फ्लाईदुबई विमान पर हुए हमले के दौरान यात्रियों को बचाने के लिए कैप्टन स्मित मच्छार के संघर्ष की कहानी को याद करते हुए कहा कि भगवान हनुमान में उनकी आस्था और हनुमान चालीसा के पाठ ने उन्हें संकट का सामना करने का आत्मविश्वास दिया। मध्य प्रदेश के छतरपुर में दिव्य दरबार के दौरान बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हनुमान जी का भक्त और हनुमान चालीसा पढ़ने पर आज हमें गर्व है। बागेश्वर महाराज ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉल पर कैप्टन स्मित मच्छार से बात कर रहे थे, तब कैप्टन ने बताया कि उसके सहयोगी पायलट ने उन पर चाकू से हमला कर दिया था। जब जहाज क्रैश होने की स्थिति में था, तब उस समय बहादुरी का परिचय देते हुए कैप्टन स्मित ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर 100 से अधिक लोगों की जान बचाई। बागेश्वर महाराज ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने जब वीडियो कॉल पर कैप्टन



स्मित से पूछा कि लोगों की जान कैसे बचाई और यह आत्मविश्वास कैसे आया और हवाई जहाज को कैसे कंट्रोल किया? इस पर स्मित ने बताया कि जब जहाज नीचे गिरने लगा, तो हमने हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया। हनुमान चालीसा के प्रभाव से हमें आत्मविश्वास मिला और आज हम इतने लोगों की जान बचा पाए। बागेश्वर महाराज ने कहा कि जो हनुमान जी की भक्ति करता है, उसके अंदर आत्मविश्वास की एक शक्ति प्रकट होती है। बता दें कि 30 सितंबर को दुबई से इजरायल जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट के कॉकपिट में पायलट कैप्टन स्मित मच्छार पर सहयोगी पायलट ने चाकू से हमला किया, जिसके बाद विमान तेजी से नीचे जाने लगा। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद भारतीय पायलट ने हमलावर का बहादुरी से सामना किया और कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। इसके बाद यात्रियों ने कॉकपिट में पहुंचकर हमलावर को काबू कर लिया। हमलावर के काबू में आने के बाद गंभीर रूप से घायल कैप्टन मच्छार को प्राथमिक उपचार देकर स्थिर किया गया। इसके बाद विमान की सऊदी अरब में आपात लैंडिंग कराई गई और मच्छार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कैप्टन मच्छार से वीडियो कॉल के जरिए बातचीत की थी। इस दौरान उन्होंने घटना के समय उनके साहस, सूझबूझ और संयम की सराहना की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि उनके प्रयासों से विमान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की जान बचाने में मदद मिली।

जातीय खेमों में लड़ता भारत नहीं, हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत' चाहिएः मुख्यमंत्री योगी

डेली आवाज भारती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें बिखरा हुआ और जातीय खेमों में आपस में लड़ता भारत नहीं, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत चाहिए।

जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को बांटना राष्ट्र और भारत माता के प्रति अपराध है। गुलामी के दौर में भी एक वर्ग समाज को बांटता था, जबकि दूसरा समाज को जोड़कर स्वाधीनता की हुंकार भरता था। आज भी वही प्रवृत्ति अलग-अलग रूपों में दिखाई दे रही है। ऐसे में शिक्षक समाज की जिम्मेदारी है कि विभाजनकारी ताकतों को सफल न होने दे। मुख्यमंत्री रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित प्रांतीय शिक्षक गरिमा कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा और माता भगवती देवी को नमन करते हुए कहा कि गायत्री परिवार ने यज्ञ के माध्यम से समाज को जोड़कर सामाजिक एकता का आदर्श प्रस्तुत किया। पंडित श्रीराम शर्मा संगठन को अपना नाम दे सकते थे,



लेकिन उन्होंने विचार को प्रधानता दी। व्यक्ति के नाम पर चलने वाले संगठन धराशायी हो जाते हैं, जबकि विचार लंबी यात्रा करता है। गायत्री परिवार की 100 वर्षों की साधना इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि 1923 में गीता प्रेस, 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और 1926 में अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थापना हुई। रास्ते अलग थे, लेकिन तीनों ने जनचेतना जगाने और समाज को सनातन मूल्यों, भारत और भारतीयता से जोड़ने का काम किया।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को समाज की चेतना और युग निर्माता बताते हुए कहा कि शिक्षक जागृत होकर ईमानदारी से दायित्व निभाए तो भारत को विश्व गुरु बनने में देर नहीं लगेगी। भारत की आचार्य और गुरुकुल परंपरा ने तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय दिए। इसी परंपरा ने चाणक्य-चंद्रगुप्त, महर्षि वशिष्ठ-श्रीराम और महर्षि सांदीपनि-कृष्ण दिए। इस परंपरा को फिर जीवंत करना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा से 11 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का जुड़ना महत्वपूर्ण है। युवा पीढ़ी का सही मार्गदर्शन कर उसे प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएंगे तो आज का युवा ही भारत का भाग्य विधाता बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त परिवार भारत की ताकत रहे हैं। परिवार सीमित होने के साथ बिखराव और तनाव बढ़ा है। गायत्री परिवार को समाज के साथ परिवारों को जोड़ने का दायित्व भी निभाना होगा। प्रकृति किसी से भेदभाव नहीं करती, इसलिए समाज में भी भेदभाव का स्थान नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 2017 से 2026 तक 275 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। इस वर्ष 35 करोड़ पौधारोपण हुआ। पौधों के संरक्षण और निगरानी की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने नदियों को मानव शरीर की धमनियों जैसा बताते हुए कहा कि जीवनदायिनी नदियों को बचाकर उन्हें अविरल और निर्मल बनाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के शताब्दी वर्ष के लिए गुलामी की मानसिकता त्यागने, विरासत पर गौरव करने, सामाजिक समता और विकसित भारत के लिए काम करने का संकल्प लेना होगा।

100 सप्ताह नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत पंजाब विश्वविद्यालय में 'वॉक फॉर नशा मुक्त युवा' का आयोजन

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। माई भारत चंडीगढ़ (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा स्टेट एनएसएस सेल, चंडीगढ़ प्रशासन तथा एनएसएस इकाई, पंजाब विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आज पंजाब विश्वविद्यालय के गांधी भवन में ÷नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत÷ थीम पर ÷वॉक फॉर नशा मुक्त युवा÷ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 100 सप्ताह नशा मुक्त युवा अभियान का हिस्सा था। इसमें 350 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 5ः30 बजे माई भारत वॉलंटियर एवं योग प्रशिक्षक सुश्री सारिका द्वारा करवाए गए वार्म-अप, जुम्बा और रिदमिक योग सत्र से हुआ, जिसने प्रतिभागियों में नई ऊर्जा का संचार किया। इसके बाद हुए



औपचारिक कार्यक्रम में श्री शिवधन शर्मा, यूटी डायरेक्टर, माई भारत ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20 के माई भारत-एनएसएस स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें नशे के दुष्प्रभावों और नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका को दर्शाया गया। श्री विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, माई भारत चंडीगढ़ ने शपथ चक्र में सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त युवा शपथ दिलाई, जिसमें सभी ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) मीनाक्षी गोयल, माननीय कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय ने ÷वॉक फॉर नशा मुक्त युवा÷ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. नेमी चंद गोलिया, राज्य एनएसएस अधिकारी, चंडीगढ़ प्रशासन ने सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। डॉ. अनुपम बहरी, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक, पंजाब विश्वविद्यालय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

वॉक के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए सिग्नेचर वॉल पर हस्ताक्षर किए। इसके पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और अल्पाहार की व्यवस्था की गई। यह आयोजन नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने और स्वस्थ, नशा मुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी एजेंसियों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है।

जीजा की फोटो लगाकर साली को लगाई चपत, राजस्थान में साइबर ठगी का चौंकाने वाला केस

डेली आवाज भारती

नराजस्थानः सीकर जिले में साइबर ठगों ने दो मामलों में लोगों से लाखों रुपए ठगे। पहले मामले में युवती को जीजा की फोटो दिखाकर 1.18 लाख रुपए की ठगी की गई। युवती ने जब अपनी बहन से बात की, तब उसे ठगी का अहसास हुआ।सीकरः राजस्थान के सीकर जिले में सीकर जिले में साइबर फॉड के दो चौकान्ने वाले मामले सामने आए हैं। जिसे जानकार हर कोई हैरान है। पहले मामले में ठगों ने युवती को उसके जीजा की फोटो वॉट्सऐपलगाने के ऐसा फंसाया कि जीजा की साली को 1.18 लाख रुपए का चूना लगा दिया। वहीं दूसरे मामले में एक 40 वर्षीय युवक के खाते से बिना किसी ओटीपी के 2.23 लाख रुपए गायब हो गए। पीड़ित का कहना है कि उसके पास ना कोई ओटीपी आया ना ही कोई मैसेज। फिलहाल,



पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।वॉट्सऐप पर जीजा की फोटो देखकर हुआ भरोसा पहले मामले में दज रिपोर्ट में युवती ने पुलिस थाने में आपबीत्ती दर्ज करवाते हुए बताया कि उसके पास अनजान नंबर से वॉट्सऐप पर एक मैसेज आया। उस नंबर पर उसके जीजा की फोटो लगी हुई थी। ऐसे में उसे लगा कि जीजा के नंबर है। मैसेज में लिखा था वह विदेश में है और अब भारत वापस आ रहा है। इसके लिए टिकट और अन्य खर्च के लिए रुपए चाहिए। युवती का जीजा विदेश में नौकरी करता है,।

बिना ओटीपी खाली हुआ खाता, स्टेटमेंट देखकर पता चला

इधर सीकर थाना पुलिस में दर्ज दूसरे मामले के अनुसार एक 40 वर्षीय युवक ने पुलिस को शिकायत दी कि उसके अकाउंट से बिना कोई ओटीपी आए 2.23 लाख रुपए निकाल लिए गए। यहीं नहीं अकाउंट से लाखों की रकम ट्रांसफर हुई लेकिन बैंक की ओर से मैसेज भी नहीं आया। उसे तो तब पता चला जब उसे किसी कारण स्टेटमेंट देखा तो उसके होश उड़ गए लेकिन तब तक काफी देरी हो चुकी थी। उसने बैंक और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई लेकिन उस राहत नहीं मिल पाई। बहरहाल, मामले में साइबर थाना पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ठगों के नेटवर्क और ट्रांजैक्शन डिटेल की पड़ताल में जुटी है।

'नेक्स्ट- जेनरेशन जीएसटी और भारत के विकास का अगला चरण' : निर्मला सीता रमण

'विकसित भारत' बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। 'नेक्स्ट- जेनरेशन का जीएसटी' (Ne&t-Gen GST) नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, नेक्स्ट- जेनरेशन जीएसटी की परिकल्पना दो परस्पर जुड़े उद्देश्यों के साथ की गई थी- कर दरों को कम व तर्कसंगत बनाना और अनुपालन को अधिक सरल बनाना। दरों में किए गए संशोधन 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हुए। प्रक्रियात्मक सुधारों का अगला चरण शीघ्र ही जीएसटी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सम्मिलित रूप से, इन प्रयासों का उद्देश्य परिवारों को राहत देना, व्यवसायों को अधिक निश्चितता प्रदान करना और करदाताओं के लिए एक ऐसी प्रणाली सुनिश्चित करना है जिसमें वे बिना किसी अनावश्यक कठिनाई के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। राज्य इस पूरी यात्रा में बराबर के साझेदार रहे हैं। वे परिषद में अपनी प्राथमिकताओं और अनुभवों को लेकर आए, निर्णयों को आकार देने में सहयोग किया और उनके क्रियान्वयन का दायित्व संभाला। मैं इस प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करती हूँ। जीएसटी की प्रगति प्रत्येक सरकार के उत्तरदायित्वों का सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने की इसी तत्परता पर टिकी है। इसके परिणाम विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। अक्टूबर 2025 से जुलाई 2026 के बीच, दर्ज की गई कर-योग्य आपूर्ति के मूल्य में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 25.8ल्न की वृद्धि हुई। कर दरों की हल्की संरचना के साथ-साथ दर्ज आर्थिक गतिविधियों में भी व्यापक विस्तार देखा गया है। यह उस सुधार के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक आधार है जिसका उद्देश्य उद्यमों और सार्वजनिक वित्त दोनों को संबल प्रदान करना है। यह सुदृढ़ता हालिया राजस्व आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई देती है। अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 12.46 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 11.6ल्न अधिक है। जून से सितंबर तक के प्रत्येक महीने में वार्षिक आधार पर दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई; इन चार महीनों का कुल संग्रह मिलकर लगभग 15ल्न की गति से बढ़ा। कर वापसी (रिफंड) के बाद शुद्ध संग्रह में भी इस छमाही के दौरान 10.4ल्न की वृद्धि हुई। इस प्रकार, करदाताओं को दी गई राहत और विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि साथ-साथ हुई है। इस विस्तार का दायरा उसके पैमाने जितना ही महत्वपूर्ण है। सभी 11 क्षेत्रक समूहों और सभी प्रमुख राज्यों में दर्ज कर-योग्य आपूर्ति में वृद्धि देखी गई। भारत जैसी विविध अर्थव्यवस्था में यह व्यापक प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रों



और भौगोलिक हिस्सों में होने वाली यह वृद्धि अधिक से अधिक व्यवसायों को विस्तार लेते बाज़ारों में भाग लेने का अवसर देती है, और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न मांग, निवेश तथा रोज़गार से अधिकाधिक समुदायों को लाभान्वित करती है। सुधार के बाद की अवधि की तुलना में उपभोक्ताओं को की गई प्रत्यक्ष बिक्री (बी2सी) में भी 26.7ल्न की बढ़ोतरी हुई। जब कर राहत का प्रभाव कीमतों में दिखाई देता है, तो परिवारों के पास अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने या बचत करने के लिए अधिक गुंजाइश होती है। उपभोक्ता राहत और उद्यम विकास आपस में गहराई से जुड़े हैं- परिवारों की क्रय शक्ति व्यवसायों द्वारा दी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की मांग को बनाए रखती है। इसका लाभ परिवार से लेकर खुदरा विक्रेता, आपूर्तिकर्ता और उत्पादक तक सभी तक पहुंचता है। कर वापसी (रिफंड) भी उतनी ही प्रासंगिक है। अप्रैल-सितंबर के दौरान लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये की धनराशि रिफंड के रूप में लौटाई गई। व्यवसायों के प्राप्य बकाये को वापस लौटाना एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली का अनिवार्य अंग है। इस प्रक्रिया में अधिक निश्चितता और पूर्वानुमेयता उद्यमों को अधिक आत्मविश्वास के साथ खरीद और उत्पादन की योजना बनाने में सहायता करेगी। किसी करदाता को देय रिफंड प्राप्त होने का अनुभव प्रशासनिक दक्षता का एक प्रमुख पैमाना होता है। राज्यों की राजस्व स्थिति भी अधिक सुदृढ़ हुई है। इस वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) निपटान में उनके हिस्से सहित राज्यों की कुल एसजीएसटी प्राप्तियों में लगभग 16ल्न की वृद्धि हुई। ये संसाधन बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में निवेश को गति प्रदान करते हैं, जिससे परिवारों और उद्यमों को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर परिवेश मिलता है। इस प्रकार, ये लाभ एक-दूसरे को सशक्त बनाते हैं- परिवारों को मिलने वाली राहत मांग को बढ़ावा देती है, उद्यम आर्थिक गतिविधियों को सुदृढ़ करते हैं, और सार्वजनिक राजस्व विकास को निरंतर बनाए रखने में सहायक होता है। यह अनुभव भविष्य में किए जाने वाले कार्यों को भी रेखांकित करता है। एक विकासशील प्रणाली को इस बात के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए कि छोटे प्रतिभागियों पर इसका कितना आर्थिक व समय संबंधी भार पड़ता है। उनका समय और संसाधन सीमित होते हैं। रिटर्न दाखिल करने, क्रेडिट या रिफंड की व्यवस्था में प्रत्येक सुधार से ऐसे संसाधनों की अधिक से अधिक बचत होनी चाहिए, ताकि उनका उपयोग व्यवसाय के संचालन और विस्तार में किया जा सके। 7 अक्टूबर को जीएसटी परिषद के समक्ष रखे जाने वाले प्रस्ताव राज्यों के साथ निरंतर विचार-विमर्श और समन्वय के माध्यम से तैयार किए गए हैं। ये प्रस्ताव अनुपालन में लगने वाले समय और लागत को कम करने के उद्देश्य से पंजीकरण, रिटर्न, रिफंड, विवादों के निपटारे और इनपुट टैक्स क्रेडिट के सुगम प्रवाह से जुड़े हैं। करदाताओं का अनुभव ही इसके क्रियान्वयन का मुख्य मार्गदर्शक बना रहना चाहिए। जीएसटी की बढ़ती परिपक्वता हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है। स्पष्टता, निश्चितता और करदाता के प्रति सम्मान की यही प्रतिबद्धता प्रत्यक्ष करों से जुड़े हमारे कार्य को भी दिशा देती है। एक भरोसेमंद कर प्रणाली उद्यमों को अपने तात्कालिक दायित्वों से आगे बढ़कर योजना बनाने तथा ऐसे अवसरों में निवेश करने में सक्षम बनाती है जिनके फलने-फूलने में समय लगता है। है। वे चाहे कहीं भी कार्य कर रहे हों, उन्हें यह भरोसा दिलाना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप एक %विकसित भारत% की आर्थिक शक्ति के निर्माण में सहायक सिद्ध होता है।

(लेखिका केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री हैं)

आदिवाणीः वंचितों के लिए तकनीक

भारत 700 से अधिक जनजातीय समुदायों और 100 से भी ज्यादा विशिष्ट जनजातीय भाषाओं और बोलियों का घर है, फिर भी इनमेंसेबहुत कम के पास अपनी लिपि, शब्दकोश या ऑनलाइन उपस्थिति है। स्वास्थ्य संबंधी किसी सरकारी परामर्शको पढ़नेकी कोशिश कर रहेगोंडी भाषी किसान के लिए या पाठ्यपुस्तक मेंकिसी शब्द को खोज रहेसंथाली छात्र के लिए डिजिटल दुनिया नेअब तक उनकी भाषा मेंबात नहीं की थी। %आदिवाणी% एक-एक वाक्य, एक-एक रिकॉर्डिंग और एक-एक अनूदित पृष्ठ के माध्यम सेइस स्थिति को बदल रही है। आदिवाणी एक एआई-आधारित अनुवाद और भाषा प्रौद्योगिकी मंच है, जिसे जनजातीय कार्यमंत्रालय (स्रस्त्र) के अंतर्गत आईआईटी दिल्ली द्वारा विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सीधा और स्पष्ट है- ऐसेउपकरण तैयार करना जो अंग्रेजी और हिंदी को जनजातीय भाषाओं के साथ संवाद करनेमेंसक्षम बनाएं, और जनजातीय भाषाओं को भी लिखित और मौखिक दोनों माध्यमों मेंउनका उत्तर देनेकी सुविधा दें। आदिवाणी चार भाषाओं-संथाली, मुंडारी, भीली और गोंडी-के साथ लाइव हो चुकी है। इसके ठीक पीछेकुई और गारो भाषाएं हैं, जबकि अगलेचरण के लिए कातकरी, कोया, कोकबोरोक, बेट्टा कुरुबा, चोधरी, थाडो कुकी और तांगखुल सहित आठ अन्य भाषाओं को तैयार किया जा रहा है।

सिर्फ एक अनुवादक नहीं, एक संपूर्णटूलकिट

आदिवाणी केवल एक अनुवादक न होकर एक ही छत के नीचेसंपूर्णटूलकिट उपलब्ध कराती है। यह टेक्स्ट-टू-टेक्स्ट ट्रांसलेशन की सुविधा देती है, जो अंग्रेजी या हिंदी पाठ को तुरंत जनजातीय भाषा मेंऔर जनजातीय भाषा को वापस हिंदी या अंग्रेजी मेंबदल देता है; स्पीच-टू-टेक्स्ट (स्त्र), जो बोली जानेवाली जनजातीय भाषा को लिखित रूप मेंपरिवर्तित करता हैऔर ऐसी भाषाओं के लिए जीवनरेखा का काम करता हैजिनके पास धाराप्रवाह पढ़ने वालों की संख्या बहुत कम या न के बराबर है; टेक्स्ट-टू-स्पीच, जो लिखेहुए पाठ सेप्राकृतिक जनजातीय वाणी (ऑडियो) तैयार करता हैताकि निरक्षर व्यक्ति भी सुनकर जानकारी प्राप्त कर सकें; और स्पीच-टू-स्पीच, जो एक ऐ सी बहु-चरणीय प्रणाली हैजिससेअलग-अलग भाषाएं बोलनेवालेदो लोग लगभग वास्तविक समय मेंएक-दूसरे की बात समझ सकतेहैं। इस प्लेटफॉर्ममें%ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन% (ह्नष्टक्र) की सुविधा भी है, जो केवल कागजों पर मौजूद पुरानी पाठ्यपुस्तकों, लोक पांडुलिपियों, प्राथमिक पुस्तकों और शब्दकोशों को डिजिटाइज़ करती है-जो अक्सर किसी बोली के अंतिम बचेहुए दस्तावेज़ होतेहैं। इसके साथ ही एक सार्वजनिक मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल भी उपलब्ध कराया गया है, जिसमें निरंतर सुधार के लिए शब्दकोश, सीखने के मॉड्यूल और फीडबैक तंत्र मौजूद हैं।

हाशिए सेमुख्यधारा के केंद्र मेंलाना : दशकों सेभारत की जनजातीय भाषाएं देश के डिजिटल और प्रशासनिक जीवन के हाशिए पर रही हैं। मौखिक इतिहास, पारिस्थितिक ज्ञान और सांस्कृतिक स्मृतियों सेसमृद्ध होनेके बावजूद वेइंटरनेट, एआई प्रणालियों और अक्सर नीतियों सेलगभग अदृश्य रही हैं। आदिवाणी इस स्थिति को बदल रही है। कल्याणकारी योजनाओं की अधिसूचनाएं, स्वास्थ्य प रामर्शया एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के अध्याय जो कभी केवल हिंदी या अंग्रेजी में उपलब्ध थे, अब संथाली या भीली मेंसटीकता और सम्मान के साथ रूपांतरित किए जा सकतेहैंऔर किसी निरक्षर व्यक्ति को बोलकर सुनाए जा सकतेहैं। दूसरी ओर, सरकारी अधिकारी, शिक्षक और स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी यह समझ सकतेहैंकि कोई जनजातीय नागरिक अपनी भाषा मेंक्या कहना चाह रहा है। यह संवाद दोनों तरफ सेहोता हैऔर यही इसकी मुख्य विशेषता है- आदिवाणी सिर्फ जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा तक पहुंच प्रदान नहीं कर रही है, बल्कि मुख्यधारा को भी जनजातीय भारत तक पहुंच उपलब्ध करा रही है। यह परियोजना जनजातीय भाषाओं को एआई के लिए केवल डेटा स्रोत नहीं मानती, बल्कि उन्हेंमौखिक परंपरा, कृषि, पारिस्थितिकी और सामुदायिक पहचान सेजुड़ी जीवंत ज्ञान प्रणालियों के रूप मेंदेखती है।

सिर्फ जनजातीय भारत के लिए नहीं-सभी के लिए एक मंच



श्रीमती रंजना चोपड़ा

आदिवाणी का दायरा केवल जनजातीय परिवारों तक ही सीमित नहीं है। शोधकर्ताओं और भाषाविदों को दुनिया की सबसेकम प्रलेखित भाषाओं के लिए एक प्रामाणिक और उपयोगी डेटासेट मिलता है। जनजातीय जिलों में तैनात सिविल सेवकों, डॉक्टरों, शिक्षकों और एनजीओ के फील्ड कार्यकर्ताओं को (जिनमें सेअधिकांश स्वयं जनजातीय नहीं हैं) एक रियल-टाइम अ नुवादक साथी मिल जाता है, जो असहज और त्रुटिपूर्णसंचार को एक सार्थक संवाद मेंबदल देता है। भाषाविज्ञान और नृविज्ञान के छात्रों को ऐसी डिजिटाइज्ड पांडुलिपियांऔर मौखिक अभिलेखागार मिलतेहैं, जो अन्यथा स्थानीय पुस्तकालयों मेंबिना देखेनष्ट हो जाते। इसके अलावा प्रत्येक भारतीय को डिजिटल रिकॉर्डमेंएक महत्वपूर्णसुधार का लाभ मिलता है- जो भाषाएं केवल स्मृति मेंजीवित रहनेके खतरे का सामना कर रही थीं, अब उन्हेंऑनलाइन सर्चकरने, बोलने और सिखानेके लिए एक मंच मिल गया है। यही बात आदिवाणी को एक साधारण अनुवाद ऐप सेकहीं अधिक बनाती है; यह समावेशन का एक ऐसी सार्वजनिक अवसंरचना है जिससेसमुदाय को केंद्र मेंरखकर तैयार किया गया है, न कि केवल एक प्राप्तकर्ताके रूप में।

पहलेसमुदाय, फिर तकनीक

आदिवाणी की सबसेविशिष्ट पहचान इसके एआई मॉडल नहीं, बल्कि इसकी कार्यप्रणाली है। मूल भाषियों, अनुवादकों, क्षेत्रीय भाषाविदों और समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों को केवल एनोटेटर (डेटा विश्लेषक) नहीं, बल्कि ज्ञान भागीदार माना जाता है। प्रत्येक डेटासेट एक त्रि-स्तरीय कार्यप्रवाह मेंकर-चेकर-सुपरचेकर सेहोकर गुजरता है, जहांसमुदाय के समीक्षक उन सूक्ष्म बदलावों को पकड़तेहैंजिनके तहत एआई अक्सर किसी क्षेत्रीय भाषा को हिंदी या अंग्रेजी के अनुरूप ढालनेका प्रयास करता है-जैसे कोई छूटा हुआ प्रत्यय, अत्यधिक सरलीकृत मुहावरा या पारंपरिक बोलचाल का खोया हुआ लहज़ा। मशीन द्वारा किए गए अनुवाद को कभी भी अंतिम नहीं माना जाता; मुख्य डेटाबेस मेंशामिल करनेसेपहलेउससुधार के लिए मूल भाषियों के पास भेजा जाता है। यह ऐसा एआई विकास हैजो सहमति, सांस्कृतिक सम्मान और इस समझ पर आधारित हैकि भाषा केवल डेटासेट नहीं, बल्कि किसी समाज की अपनी पहचान को याद रखनेका माध्यम है। यहीं पर राज्य जनजातीय अनुसंधान संस्थानों (अस्त्रह्व) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्णहो जाती है। किसी वाक्य के एआई मॉडल तक पहुंचने सेबहुत पहले, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के अस्त्रह्व ज़मीनी स्तर पर डेटा संकलन के पूरेप्रयास का संचालन करतेहैं। वेमूल भाषियों को जोड़तेहैं, विभिन्न गांवों और ब्लॉकों मेंबोली की भिन्नताओं की पुष्टि करतेहैं, और प्रशिक्षण डेटा मेंशामिल करनेसेपहलेप्रत्येक अनूदित या लिप्यंतरित नमूनेकी जांच करतेहैं। उनका क्षेत्रीय अनुभव यह तय करता हैकि कौन सी रिकॉर्डिंग प्रामाणिक है और अनुवाद मेंकिन मुहावरों का मूल अर्थखो गया है। इस प्रकार वेसमुदाय की स्थानीय भाषा और उपयोगी डिजिटल डेटा के बीच पहली जांच कड़ी के रूप मेंकार्यकरतेहैं। अस्त्रह्व द्वारा ज़मीनी स्तर पर की जानेवाली इस सतत समीक्षा के बिना, आदिवाणी के मॉडल मेंवही विसंगतियां आ सकती थीं जिन्हेंदूर करनेके लिए यह परियोजना शुरू की गई है।

आगे की राह

आदिवाणी का कार्यअभी पूरा नहीं हुआ है। अगलेनौ महीनों मेंइसकी योजना दस और भाषाओं को जोड़ने, अपनी स्पीच रिकॉग्निशन और वॉयस तकनीक को बेहतर बनानेतथा सत्यापित रिकॉर्डिंग का एक बहुत बड़ा संग्रह तैयार करने की है, जिसमें प्रति भाषा सैकड़ों-हजारों रिकॉर्डिंग शामिल होंगी। आंकड़ों सेपरे, आदिवाणी एक बड़ेउद्देश्य का प्रतीक है- यह इस बात का प्रमाण हैकि तकनीक जनजातीय भाषाओं को मिटानेके बजाय उनका संरक्षण और संवर्धन कर सकती है। ऐसेदेश मेंजहांप्रत्येक कुछ वर्षों मेंभाषाएं विलुप्त हो रही हैं, आदिवाणी जनजातीय समुदायों को उनकी अपनी आवाज़ और शर्तों पर सुनेजानेका अधिकार देती है, और बाकी भारत को उन्हेंसुनने की एक ठोस वजह प्रदान करती है।

(लेखिका सचिव- जनजातीय कार्यमंत्रालय हैं)

page 8_Layout 1 04-10-2026 21:09 Page 1

कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने गांव कालियां में श्री गुरु रविदास धर्मशाला का किया उद्घाटन

गांवों का सर्वांगीण विकास और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता : गोयल

डेली आवाज भारती

लहरागागा, मोहिंदर सिंह : पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज विधानसभा क्षेत्र लहरा के गांव कालियां में श्री गुरु रविदास धर्मशाला का उद्घाटन कर इसे गांववासियों को समर्पित किया। इस मौके पर श्री सुखमनी साहिब के पाठ के भोग डाले गए और कैबिनेट मंत्री ने संगत के साथ धार्मिक समागम में शिरकत की। गांववासियों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास और लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्य करवाना और इनका लाभ हर वर्ग तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि धर्मशालाएं गांवों के सामाजिक और सामुदायिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा



हैं। श्री गुरु रविदास धर्मशाला के निर्माण से गांववासियों को सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उचित स्थान उपलब्ध होगा।

उन्होंने गांववासियों से इस साझा इमारत की उचित देखभाल और बेहतर उपयोग के लिए आपसी सहयोग से काम करने की अपील की। बरिंदर कुमार गोयल ने श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनका समानता, मानव सम्मान और भाईचारे का संदेश समाज को जोड़ने का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाकर आपसी प्रेम और भाईचारे को और मजबूत किया जा सकता है। इस मौके पर ब्लॉक समिति सदस्य अजीत सिंह और अन्य गांववासियों ने गांव में करवाए जा रहे विकास कार्यों के लिए कैबिनेट मंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि बरिंदर कुमार गोयल के प्रयासों से गांव कालियां ने विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। गांववासियों ने कहा कि पिछले नेताओं ने गांव की जरूरतों की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया, जबकि अब करवाए जा रहे विकास कार्यों से गांववासियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। गांववासियों की ओर से जताए गए भरोसे के लिए धन्यवाद करते हुए कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि लोगों का सहयोग उन्हें और अधिक समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गांव कालियां सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों की विकास संबंधी जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के प्रयास जारी रहेंगे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सनमीक सिंह हेनरी, ब्लॉक समिति सदस्य अजीत सिंह, माखन सिंह, गुलजार सिंह, मनदीप सिंह सहित आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म खरड़ के गांव घटौर और चंदो गोबिंदगढ़ में दिखाई गई

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया : श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार द्वारा तैयार की गई विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म जिला एस.ए.एस. नगर के खरे ब्लॉक के गांव घटौर और चंदो गोबिंदगढ़ में विशेष वैन के माध्यम से एलसीडी स्क्रीन पर दिखाई गई। इस अवसर पर गांववासियों को श्री गुरु रविदास जी के जीवन, उनकी शिक्षाओं, सामाजिक समानता, आपसी भाईचारे और मानवता की सेवा के संदेश से जोड़ने के उद्देश्य से पंजाब सरकार द्वारा तैयार की गई लगभग 30 मिनट की विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की गई। इस संबंध में एस.डी.एम.खरे गुरमीत सिंह, पी.सी.एस. ने जानकारी देते हुए कहा कि श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाएं आज भी समाज को समानता, भाईचारे, शांति और मानवता की सेवा का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों, विशेषकर युवा पीढ़ी को गुरु साहिब के जीवन और दर्शन से परिचित करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विशेष वैन के माध्यम से गांवों में डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाने का मुख्य उद्देश्य गुरु साहिब के महान जीवन और उनकी शिक्षाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास हमारी समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के साथ नई पीढ़ी को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर गांवों के निवासियों ने पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विशेष वैन के माध्यम से दिखाई जा रही डॉक्यूमेंट्री फिल्म के जरिए उन्हें श्री गुरु रविदास जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है।

EVEREST मसाले वाले फिर विवादों में, FSSAI ने दिया जीरा पाउडर के एक बैच को तुरंत वापस मंगाने का आदेश

डेली आवाज भारती

फूड रेगुलेटर FSSAI ने बड़ा एक्शन लिया है। उसने एवरेस्ट के जीरा पाउडर के एक बैच को तुरंत वापस मंगाने का ऑर्डर दिया है। इसके अलावा स्वस्ट्ठ ने 'क्रिएटिव बेकर्स एंड कन्फेक्शनर्स प्राइवेट लिमिटेड' का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है। ऐसा तुरंत प्रभाव से किया गया है।नई दिल्ली-एवरेस्ट का नाम फिर विवादों से जुड़ा है। फूड रेगुलेटर FSSAI ने रविवार को एवरेस्ट के पहले से पैक किए गए जीरा पाउडर के एक बैच को तुरंत वापस मंगाने का आदेश दिया। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि एक रेगुलेटरी सैंपल में तय सीमा से ' यादा कीटनाशक के अंश पाए गए। उसे 'असुरक्षित' घोषित किया गया। इससे पहले अगस्त 2026 में FSSAI ने हींग और अन्य कुछ मसालों की क्वालिटी में गड़बड़ी पाए जाने पर एवरेस्ट की हींग पर रोक लगाई थी।एक अलग कार्रवाई में रेगुलेटर ने % क्रिएटिव बेकर्स एंड कन्फेक्शनर्स प्राइवेट लिमिटेड' का लाइसेंस भी तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। यह कंपनी पूर्वी भारत में कई आउटलेट्स के जरिए 'द शुगर एंड स्पाइस' नाम से रिटेल चेन चलाती है। यह एक्शन साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा से जुड़े नियमों के गंभीर उल्लंघन के कारण की गई। FSSAI ने एक्शन की बताई यह वजह रविवार को जारी एक नोटिफिकेशन में FSSAI ने कहा कि गोवा में M/s रिवरसाइड रिसॉर्ट्स एंड हॉलिडे होम्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसर से एवरेस्ट के पहले से पैक किए गए जीरा पाउडर का एक रेगुलेटरी सैंपल लिया गया था। फूड एनालिस्ट की रिपोर्ट में पाया गया कि इस प्रोडक्ट में एजोक्सीस्ट्रोबिन और थियामेथोक्सम जैसे कीटनाशकों के अंश तय अधिकतम सीमा से 'यादा थे। FSSAI ने कहा, 'फूड एनालिस्ट ने फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट, 2006




के तहत सैंपल को असुरक्षित घोषित किया। इसने आगे कहा कि फूड बिजनेस ऑपरेटर (FBO) - इस मामले में एवरेस्ट - को रिपोर्ट के खिलाफ अपील करने का मौका दिया गया था। इसके बाद सैंपल को रेफरल फूड लेबोरेटरी भेजा गया।फूड सेफ्टी रेगुलेटर ने बताया, रेफरल फूड लेबोरेटरी ने पुष्टि की कि सैंपल असुरक्षित था। इसमें एजोक्सीस्ट्रोबिन और थियामेथोक्सम तय अधिकतम सीमा से ' यादा पाए गए थे। इसके बाद प्रोडक्ट के पूरे बैच को तुरंत बाजार से वापस मंगाने का निर्देश दिया गया। एवरेस्ट को आदेश दिया गया कि वह वापस मंगाए गए प्रोडक्ट का पूरा रिकॉर्ड रखे। तय समय-सीमा के भीतर जरूरी जानकारी और स्टेटस रिपोर्ट जमा करे। FSSAI ने आगे कहा, %FBO को यह भी निर्देश दिया गया कि वह ऐसी घटना को दोबारा होने से रोकने के लिए सुधारात्मक उपाय करे और प्रोडक्ट वापस मंगाने की प्रक्रिया पूरी होने पर रिपोर्ट जमा करे। क्रिएटिव बेकर्स का लाइसेंस इसलिए किया सस्पेंड क्रिएटिव बेकर्स एंड कन्फेक्शनर्स का लाइसेंस सस्पेंड करने के अपने नोटिफिकेशन में स्वस्ट्ठ ने साफ-सफाई और हाइजीन में भारी कमियों की ओर इशारा किया। इनमें खाना बनाने और संभालने वाली जगहों पर गंदगी, ग्रीस, धूल, मकड़ी के जाले और मक्खियां शामिल थीं। रेगुलेटर ने कहा कि खराब होने वाले क'चे माल को खुले में रखा जा रहा था। साथ ही, क'चे और आधे-अधूरे बने प्रोडक्ट्स के लिए जंग लगे और ठीक से साफ न किए गए कंटेनरों का इस्तेमाल हो रहा था। FSSAI ने आगे कहा, कीड़ों-मकोड़ों का काफी ' यादा प्रकोप और उन्हें रोकने के अपर्याप्त उपाय देखे गए। इनमें मक्खियों को रोकने के बेअसर तरीके, चूहों को रोकने के सही इंतजाम न होना और खिड़कियों/खुली जगहों पर कीड़ों से बचाने वाली जाली का न होना शामिल है। उसने कहा कि कन्फेक्शनर के परिसर में खाना संभालने वाली जगहों पर कचरा, पुराना स्टॉक, रिजेक्टेड लॉट और कबाड़ जमा पाया गया। साथ ही, जंग लगे उपकरण, उखड़ता पेंट, सीलन और टूटी हुई फर्श की टाइलें भी देखी गईं। रेगुलेटर ने आगे कहा, जरूरी फूड सेफ्टी रिकॉर्ड और सिस्टम - जैसे पानी और तैयार प्रोडक्ट की टेस्टिंग, समय-तापमान की निगरानी, कैलिब्रेशन, प्रिवेंटिव मेंटेनेंस, मॉक रिकॉल, ग्राहकों की शिकायतें, छानने और ऑडिट के रिकॉर्ड - ठीक से नहीं रखे गए थे।

नशा मुक्ति केंद्रों में होगी एचआईवी और हेपेटाइटिस की जांच

'ट्रिपल एच' स्क्रीनिंग के तहत HIV, हेपेटाइटिस-B और हेपेटाइटिस-C की पहचान पर जोर

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब सरकार सरकारी नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्रों में HIV, हेपेटाइटिस-B और हेपेटाइटिस-ष्ट की जांच को नशा मुक्ति सेवाओं से जोड़ने जा रही है। 'ट्रिपल एच' स्क्रीनिंग को राज्य की 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' पहल का हिस्सा बनाया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार नशे के इंजेक्शन लगाने वाले लोगों में संक्रमित सुई या सिरिंज साझा करने जैसी गतिविधियों के कारण रक्त से फैलने वाले संक्रमणों का जोखिम बढ़ सकता है। ऐसे में समय पर जांच से संक्रमण की पहचान और जरूरत पड़ने पर आगे के उपचार एवं चिकित्सकीय देखभाल से जोड़ने में मदद मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के अनुसार पहले ॥ढ्ढड्ड और हेपेटाइटिस की जांच के लिए समय-समय पर शिविर लगाए जाते थे। नई व्यवस्था में जांच को सीधे नशा मुक्ति एवं पुनर्वास सेवाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि जांच और आगे की चिकित्सा देखभाल के बीच बेहतर समन्वय हो सके।

सरकार का उद्देश्य नशे से प्रभावित लोगों को केवल नशा छोड़ने में मदद करना ही नहीं, बल्कि उनसे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करना भी है।

पंजाब में पराली जलाने पर सख्ती, 125 ड्रोन रखेंगे खेतों पर नजर



- 12 हजार नोडल अधिकारी और 1,200 सदस्यीय प्रोटेक्शन फोर्स भी तैनात

डेली आवाज भारती

पंजाब सरकार ने वर्ष 2026 में पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत राज्य में पहली बार 125 ड्रोन तैनात किए जाएंगे। साथ ही करीब 12 हजार नोडल अधिकारियों और 1,200 सदस्यीय पराली प्रोटेक्शन फोर्स को निगरानी और कार्रवाई की जिम्मेदारी दी गई है। सरकार ने संगरूर, तरनतारन, मोगा, फिरोजपुर, मुक्तसर और मानसा के 23 गांवों को हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया है। इन क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से खेतों पर विशेष नजर रखी जाएगी। अधिकारियों के अनुसार निगरानी खास तौर पर दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक की जाएगी, क्योंकि इस अवधि में पराली जलाने की घटनाएं सामने आने की आशंका रहती है। पराली प्रबंधन के लिए सरकार इस वर्ष 15 हजार अतिरिक्त फसल अवशेष प्रबंधन मशीनें उपलब्ध कराने और 500 नए कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने की योजना पर भी काम कर रही है।

डिजिटल दौर में बदलता भारत

स्मार्टफोन से स्टार्टअप तक, युवाओं के लिए खुल रहे नए अवसर

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। डिजिटल तकनीक ने युवाओं की जिंदगी और काम करने के तरीके को तेजी से बदल दिया है। इंटरनेट और स्मार्टफोन अब केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहे, बल्कि शिक्षा, रोजगार और कारोबार के नए रास्ते खोल रहे हैं। छोटे शहरों और कस्बों के युवा भी अब ऑनलाइन कोर्स, फ्रीलांसिंग, डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट क्रिएशन और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं। पहले जिन अवसरों के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, उनमें से कई अवसर अब घर बैठे उपलब्ध हैं। ऑनलाइन शिक्षा ने विद्यार्थियों को देश-विदेश के शिक्षकों और विशेषज्ञों से सीखने का मौका दिया है। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने छोटे कारोबारियों और नए क्रिएटर्स को सीधे ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार डिजिटल कौशल आने वाले समय में युवाओं के करियर का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने वाला है। ऐसे में पढ़ाई के साथ तकनीकी और डिजिटल ज्ञान हासिल करना युवाओं के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। हालांकि डिजिटल दुनिया के साथ साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और स्क्रीन टाइम जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं। इसलिए तकनीक का इस्तेमाल समझदारी और जिम्मेदारी के साथ करना जरूरी है। डिजिटल बदलाव केवल तकनीक का बदलाव नहीं है, बल्कि यह युवाओं के सोचने, सीखने और आगे बढ़ने के तरीके को भी बदल रहा है।

पंजाब में 760 करोड़ की जैव विविधता परियोजना को मिली रफ्तार

- जापान की मदद से आठ साल चलेगी परियोजना, शैवालिक क्षेत्र में वन, जल संरक्षण और ग्रामीण आजीविका पर जोर

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से जुड़ी ` 760.30 करोड़ की परियोजना को लागू करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (ड्ढड्ढष्ट) के सहयोग से चलने वाली यह आठ वर्षीय परियोजना राज्य में वन एवं वृक्ष आवरण बढ़ाने, जैव विविधता के संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन पर केंद्रित होगी। परियोजना के तहत शैवालिक क्षेत्र को विशेष महत्व दिया जाएगा। यहां कृषि-वनीकरण, भूजल संरक्षण और एकीकृत जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन को बढ़ावा देने की योजना है। इसके साथ ही स्थानीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसर बढ़ाने और इको-टूरिज्म को विकसित करने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

परियोजना की निगरानी और क्रियान्वयन के लिए एक समर्पित सोसायटी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई है। परियोजना प्रबंधन सलाहकार की नियुक्ति की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है। सरकार का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के अवसरों को बढ़ाना है। यह परियोजना पंजाब में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

125 सालों से लगातार जल रहा बल्ब

नई तकनीक नहीं चली

डेली आवाज भारती

125 साल किसी भी इलेक्ट्रिक आइटम के खराब होने की संभावना काफी बे जाती है। मगर 1901 में एक ऐसा बल्ब बनाया गया था जो आज भी आराम से जल रहा है। इसमें कोई सुधार करना ही नहीं पड़ा था। ये लगातार इतने सालों से परफेक्ट काम कर रहा है। मगर ये सब कैसे हुआ कौन से जानकार ने कौन सी तकनीक से इसे बनाया था। सरप्राइज ये है कि इसे किसी खास तरीके या मशीन से नहीं बनाया गया है। क्या था इसमें खास जानते हैं।

इस बल्ब पर निगरानी रखने के लिए कुछ साल पहले वेबकैम लगाए गए थे। माना ये गया था कि नई तकनीक वाली डिवाइस कम से कम इससे ज्यादा दिन चलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ एक के बाद एक तीन वेबकैम खराब होते गए। बल्ब का लंबे समय तक ध्यान रखने वाले रिटायर्ड



डिप्टी फायर चीफ टॉम ने कहा था कि असल में बल्ब नहीं वेबकैम चल रहा है।

तब हुआ था बंद

ये बल्ब कैलफोर्निया के लिवमोर में फायर स्टेशन नं 6 पर लगा हुआ है। इसे 1901 में फायर डिपार्टमेंट को डोनेट किया गया था। ये तकरीबन बिना ब्रेक के तब से ही जल रहा है। हालांकि ये बंद हुआ है लेकिन इसकी वजह ये खुद नहीं था। कभी बिजली की परेशानी तो कभी रेनोवेशन और कभी ऐसे ही दूसरे कारणों से इस बल्ब को बंद किया गया था। जैसे 1976 में वर्तमान जगह लगाने के लिए इसे एक हफ्ते के लिए बंद किया गया था।

दर्ज हुआ रिकॉर्ड

125 सालों से इसे लगातार जलता हुआ माना जाता है इसलिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इसका नाम भी दर्ज है। Centennial Light Bulb Committee ने इस बल्ब की 125 वीं सालगिरह जून 2026 में बनाई है।

बरनाला बीजेपी में संगठन के मामलों पर चर्चा

नए और पुराने कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल, मंडलों की स्थिति और जिला लेवल की जिम्मेदारियों पर विचार

डेली आवाज भारती

बरनाला/नवीन काली। नए और पुराने कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल, मंडलों की स्थिति और ज़िला लेवल की ज़िम्मेदारियों पर विचार निहाल सिंह वाला/बरनाला- यह बात सामने आई है कि भारतीय जनता पार्टी के बरनाला ज़िले से जुड़े कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन के मामलों पर चर्चा की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ज़िला और मंडल लेवल पर संगठन के कामकाज, आपसी तालमेल और अलग-अलग ज़िम्मेदारियों पर अपने विचार शेयर किए। चर्चा के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने कहा कि नए और पुराने कार्यकर्ताओं के अनुभव और एनर्जी को मिलाकर संगठन की गतिविधियों को और असरदार तरीके से आगे बढ़ाया जा सकता है। चर्चा के दौरान बरनाला ज़िले में अलग-अलग समय पर ज़िला अध्यक्ष रहे नेताओं के कार्यकाल का भी ज़िक्र हुआ। इस बारे में श्री सुभाष मक्कड़, श्री धीरज कुमार, डॉ. श्याम लाल गौर, श्री प्रेम प्रीतम जिंदल, श्री गुरमीत हंडिया और श्री जदविंदर शांति के नामों पर चर्चा हुई।

कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी राय देते हुए कहा कि संगठन में जिम्मेदारियां तय करते समय पार्टी से लंबे समय से जुड़े कार्यकर्ताओं के अनुभव और संगठन के प्रति उनकी भूमिका को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। बताया गया है कि तपा, भदौड़, पक्खो कैंचिया, रुड़के कलां और सेहना समेत कई मंडलों की संगठनात्मक स्थिति पर भी चर्चा हुई। कुछ कार्यकर्ताओं के अनुसार, कई जगहों पर संगठनात्मक पदों को लेकर प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, जबकि कुछ मंडलों में पहले से जिम्मेदारियां संभाल रहे नेताओं को ही आगे की जिम्मेदारी दी गई है। तपा मंडल से जुड़े स्थानीय मुद्दों, खासकर रेलवे स्टेशन और रेल सेवाओं से जुड़ी समस्याओं का भी जिक्र किया गया। कुछ वर्कर्स ने कहा कि लोकल लेवल पर लोगों से लगातार कॉन्टैक्ट बनाए रखने और उनके मुद्दे उठाने से पार्टी की लोगों तक पहुंच और मजबूत हो सकती है। कुछ वर्कर्स ने हाल के पार्टी प्रोग्राम्स और नशा-मुक्त यात्राओं पर भी अपने विचार शेयर किए। उनके मुताबिक, कुछ प्रोग्राम्स में वर्कर्स और आम जनता की हिस्सेदारी उम्मीद के मुताबिक नहीं होने पर भी चर्चा हुई। वर्कर्स ने कहा कि भविष्य में लोकल लेवल पर लोगों से ज्यादा कॉन्टैक्ट और पार्टी वर्कर्स की एक्टिव भूमिका से प्रोग्राम्स में लोगों की हिस्सेदारी और बढ़ाई जा सकती है।

पुराने वर्कर्स ने अनुभव को अहमियत देने की बात कही

पार्टी से लंबे समय से जुड़े कुछ पुराने और पारंपरिक वर्कर्स ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे वर्कर्स के अनुभव और नए वर्कर्स की एनर्जी को मिलाकर संगठन को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के अंदर अलग-अलग लेवल पर पदों और जिम्मेदारियों के बारे में वर्कर्स के साथ लगातार बातचीत करना संगठन के लिए फायदेमंद होगा। इन मामलों पर पार्टी कार्यकर्ताओं की राय पर ब्लॉक्क की बरनाला जिला यूनिट या संबंधित आधिकारिक नेताओं का रुख अभी सामने नहीं आया है। आधिकारिक रुख सामने आने के बाद ही इन संगठनात्मक मामलों पर स्थिति साफ होगी॥